# न्यूज धमाका

News Dhamaka

Digital Edition

पाइए खबरों की अपडेट सबसे पहले



● वर्ष 02 ● अंक 248 ● पृष्ठ 8 ● जमशेदपुर, रविवार 10 अगस्त 2025

Email.newsdhamaka4@gmail.com / epaper for news portel -newsdhamaka.com


# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने गिराए थे पाकिस्तान के 5 फाइटर जेटः वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्लीः**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की कार्रवाई को लेकर वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेना पाकिस्तान के छह विमानों को तबाह कर दिया था. गिराए गए विमानों में पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट्स और एक जासूसी (टोही) विमान अहअउर था. वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमने इस ऑपरेशन के जरिए पाकिस्तान को साफ-साफ मैसेज दे दिया है.

आपको बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को हुए नुकसान को लेकर भारतीय वायुसेना की तरफ से यह पहला आधिकारिक बयान है.

बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने हवाई हमलों का श्रेय एस-400 वायु रक्षा प्रणाली को दिया. उन्होंने कहा कि ये (बहावलपुर - जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर) हमारे द्वारा पहुंचाए गए नुकसान की पहले और बाद की तस्वीरें हैं.यहां लगभग कोई अवशेष नहीं बचा है. जबकि आस-पास की इमारतें लगभग पूरी तरह सुरक्षित हैं. हमारे पास न केवल सेटेलाइट इमेज थे, बल्कि स्थानीय मीडिया से भी प्राप्त तस्वीरें थीं, जिनके माध्यम से हम अंदर की तस्वीरें देख सकते थे. हमने जो ₹बिग बर्ड₹ गिराया गया, वह संभवतः एक अहअउर (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) या इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म था, जिसके तबाह होने से पाकिस्तान की हवाई ताकत को भारी झटका लगा है.

एयर चीफ मार्शल सिंह ने 7 मई के हमले के दौरान आतंकी ठिकानों पर हुए हमलों की 'पहले और बाद' की सैटेलाइट तस्वीरें भी साझा की थीं.

पाकिस्तान में बहावलपुर स्थित उस कैंप की ओर इशारा करते हुए, जो जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था, उन्होंने कहा था कि तस्वीरें स्पष्ट रूप से दिखाती हैं कि वहां कोई अतिरिक्त क्षति नहीं हुई है. वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि आस-पास की इमारतें लगभग पूरी तरह सुरक्षित हैं. हमारे पास न केवल सैटेलाइट तस्वीरें थीं, बल्कि स्थानीय मीडिया से भी तस्वीरें थीं, जिनके ज़रिए हम अंदर की तस्वीरें प्राप्त कर सकते थे.

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि 7 मई को जिन नौ ठिकानों पर हमला हुआ था, उनमें से एक, लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय मुरीदके, उनके वरिष्ठ नेतृत्व का आवासीय क्षेत्र था. ये उनके कार्यालय भवन थे जहां वे बैठकें करने के लिए इकट्ठा होते थे. हम हथियारों से ही वीडियो प्राप्त कर सकते थे क्योंकि वह स्थान सीमा के भीतर था.



# बिहार मतदाता पुनरीक्षण में बड़ा झोल, एक घर में रह रहे 246 लोग, वोटर लिस्ट में सामने आई खामियां, घेरे में चुनाव आयोग

**जमुई.**

पूरे राज्य भर में मतदाता पुनरीक्षण का काम चल रहा है. इसके पहले फेज में मतदाताओं का पुनरीक्षण कर मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन किया गया है. लेकिन इस ड्राफ्ट में कई सारी गलतियां सामने आई हैं. कई लोगों के नाम एक तरफ से दूसरी तरफ डाल दिए गए हैं, तो कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट में आए ही नहीं है. लेकिन हैरान कर देने वाला मामला जमुई जिले में सामने आया है. जहां एक ही मकान में 246 लोग रह रहे हैं.

दरअसल, यह पढ़कर आपको भी हैरानी जरूर हो रही होगी. लेकिन यह मामला ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, जैसा आपको प्रतीत हो रहा है. मतदाता सूची के ड्राफ्ट का जो प्रकाशन किया गया है, उसमें ऐसी गड़बड़ी सामने आई है कि अब लोग परेशान हो गए हैं.

## मतदाता सूची में सामने आई कई खामियां

» यह पूरा मामला जमुई विधानसभा क्षेत्र और जमुई सदर प्रखंड के अमीन गांव में सामने आया है. जहां एक ही मकान संख्या पर 200 से भी अधिक लोगों के नाम दर्ज हैं. यह पूरा मामला आमीन गांव के मतदान केंद्र संख्या 86 पर सामने आया है. जहां बीएलओ की लापरवाही के कारण मतदाता सूची में कई गंभीर गलतियां सामने आई हैं. मतदान केंद्र संख्या 86 पर कुल 618 मतदाता है. जिसमें 277 पुरुष और 341 महिला मतदाता शामिल हैं. लेकिन इनमें से 246 मतदाता ऐसे हैं, जिनका नाम एक ही मकान संख्या पर दर्ज है. सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि एक ही मकान संख्या में हिंदू परिवार के लोग भी रह रहे हैं, और मुस्लिम परिवार के लोग भी शामिल हैं.

## मकान संख्या के नाम पर गांव और इमामबाड़ा!

यहां प्रारूप मतदाता सूची में क्रम संख्या 9 में निर्वाचक मो. शरीफ का घर है, तो मकान संख्या तीन है. और यहां से लेकर निर्वाचन संख्या 255 पर कुल 246 लोग ऐसे हैं, जिनका नाम एक ही मकान संख्या में दर्ज है. क्रम संख्या 83 पर किशोरी चौधरी और 254 पर संजय कुमार चौधरी और 255 पर राजीव साह का नाम है. यह सभी मकान संख्या तीन के निवासी हैं. ठीक ऐसे ही क्रम संख्या 608 से 618 तक मकान संख्या की जगह गांव का नाम दर्ज किया गया है. जबकि क्रम संख्या 617 में मकान संख्या के रूप में इमामबाड़ा को दिखाया गया है. इस तरह की गलतियां सामने आने के बाद अब लोग यह नहीं समझ पा रहे कि उन्हें आखिर इस मामले में क्या कुछ करने की जरूरत है.



# प्रेमानंद महाराज के समर्थन में उतरे बागेश्वर वाले धीरेंद्र शास्त्री

**नयी दिल्ली।**

बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हाल ही में संत प्रेमानंद महाराज के समर्थन में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रेमानंद महाराज का विरोध करने वालों से साफ हो गया है कि कई लोगों को 'पेट की बीमारी' हो गई है, यानी वे जलन और ईर्ष्या से ग्रस्त हैं। उन्होंने आगे कहा, 'उस दिन के बाद मेरे मन में एक बात साफ बैठ गई कि इस देश में सच बोलना सबसे कठिन काम है।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हर व्यक्ति, हर महिला या हर धर्म का अनुयायी बुरा नहीं होता, लेकिन कुछ लोग हर जगह होते हैं जो बुरे होते हैं। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने समाज की सोच पर भी सवाल उठाते हुए कहा,' समाज को देखने का हर किसी का अपना नजरिया होता है। जो लोग सनातन धर्म को मानते हैं, उन्हें हम सही लगते हैं। लेकिन जो सनातन के विरोधी हैं, उन्हें हम दुश्मन नजर आते हैं।'



# 'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 83वीं वर्षगांठ पर इसमें भाग लेने वाले आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की ऐसी चिनगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता की ललक में असंख्य लोगों को एकजुट कर दिया था। उन्होंने कहा कि हम उन सभी बहादुर लोगों को गहरी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं, जिन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की एक चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता की ललक में अनगिनत लोगों को एकजुट कर दिया था। महात्मा गांधी ने 1942 में ब्रिटिश शासन को हटाने का आह्वान करते हुए आंदोलन शुरू किया था, जिसके परिणामस्वरूप औपनिवेशिक शासकों ने कांग्रेस के करीब पूरे नेतृत्व को

# बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जबरन प्रवेश को लेकर सांसद निशिकांत दुबे और मनोज तिवारी समेत पांच पर एफआईआर

**देवघर।** श्रावणी मेले के दौरान बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जबरन निकास द्वार से प्रवेश कर जलार्पण करने के मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, दिल्ली सांसद मनोज तिवारी समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला पंडा धर्म-रक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री और आदित्य वाहिनी के प्रदेश महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर की शिकायत पर बाबा मंदिर थाने में दर्ज हुआ है। शिकायत में आरोप है कि 2 अगस्त की रात करीब नौ बजे जलार्पण और कांचा चढ़ाने का समय समाप्त होने के बाद निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी, कनिष्कांत दुबे, शेषाद्रि दुबे, मनोज तिवारी के सचिव और अभयानंद झा ने निकास द्वार से जबरन मंझलाखंड में प्रवेश किया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की गई और पुजारियों के मना करने के बावजूद गर्भगृह में पहुंच



गए, जिससे धार्मिक परंपरा और आस्था को ठेस पहुंची। साथ ही सरकारी कार्य में भी बाधा पहुंचाने का आरोप है। मामले में कांड संख्या 4/2025 दर्ज की गई है और मंदिर प्रबंधन ने पुलिस को घटना का वीडियो भी सौंपा है। एफआईआर के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि वे शनिवार सुबह दिल्ली से देवघर पहुंचकर थाने में आत्मसमर्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अब तक उन पर 51 केस दर्ज कर चुकी है और अब पूजा को लेकर मामला दर्ज किया गया है।




## एक नज़र

### महर्षि भृगुक्षेत्र जमशेदपुर के जिला समिति का विस्तार, बिनोद सिंह अध्यक्ष एवं श्रीकांत मिश्रा बने महासचिव

महर्षि भृगुक्षेत्र के कोल्हान में रहने वाले सभी बलिया वासियों का एक संस्था आपसी परिचय एक दूसरे का सहयोग करने के उद्देश्य से इसका गठन हुआ है। इस बर्ष 19 जनवरी 2025 को गाँधीघाट मानगो में इसका पहला बैठक हुआ। जिसमें मकर सक्रांति मनाने के साथ साथ चिउरा दही गुड़ तिलकुट आलू गोभी के सब्जी के साथ आपसी परिचय किया गया था। दूसरा प्रोग्राम होली मिलन 1 मार्च मंगल पांडेय का पुण्यतिथि 8 अप्रैल पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चन्द्रशेखर सिंह का पुण्यतिथि 8 जुलाई को मनाया गया था। आने वाले दिनों में बलिया वासियों के सुख दुःख में ये संगठन काम करेगा। इसकी घोषणा जिला अध्यक्ष बिनोद सिंह की अनुमति से मिडीया प्रभारी पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह ने आज पूर्णिमा के दिन पावन पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर किया। साथ ही सभी मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी।

### युवा कांग्रेस ने स्थापना दिवस पर साकची चंडीनगर में किया खाद सामग्री का किया वितरण



**जमशेदपुर।** शनिवार 9 अगस्त को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के राकेश साहू के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक युवा संगठन भारतीय युवा कांग्रेस का 65 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर साकची चंडी नगर मैं चावल मुड़ी मिक्सर बच्चों के बीच बिस्कुट का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने कहा कि युवा कांग्रेस देश की युवाओं के हित की बात करती है। उनकी समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करने का काम करती है। वहीं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता का आंदोलन का इतिहास रहा है। आज ही के दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है हम सभी बिरसा मुंडा जी को भी नमन करते हैं वा भारत को नफरत व महंगाई से बचाने के लिए हर लड़ाई लड़ने के लिए शपथ ली गई कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महिला पूर्व प्रदेश सचिव मंजू दास युवा कांग्रेस जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रत्याशी सागर साहू सुमित कुमार अमित साहू वेदांत साहू शामिल हुआ।

### टीएसडीपीएल एम्पलॉइज यूनियन की कमिटी बैठक सम्पन्न, ग्रेड बोनस पर चर्चा

टीएसडीपीएल एम्पलॉइज यूनियन की कमिटी बैठक यूनियन के रजिस्टर्ड कार्यालय बिष्टुपुर में अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आज की बैठक में कर्मचारियों की प्रमुख मांग ग्रेड, बोनस और यूनियन चुनाव पर चर्चा हुई, यूनियन के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय को यूनियन चुनाव समय पर करवाने के लिए अधिकृत किया और उनके विवेक पर निर्णय लेने के लिए छोड़ दिया, ग्रेड को लेकर कर्मचारियों में चर्चा का बाजार गर्म है आगामी माह में बोनस पर भी प्रबन्धन से वार्ता करना है यूनियन ने बोनस को लेकर प्रबन्धन को पत्र सौंप दिया है। अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय ने कहां की बोनस और ग्रेड पर यूनियन का फोकस है तथा चुनाव समय पर हो इस पर भी काम किया जा रहा है।आज की बैठक में अमन सिंह, संजीव सिंह, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह, सच्चिदानंद, शशिवीर राणा, आर रवि, रमेश चौधरी, राकेश कुमार, रंजन मिश्रा, प्रमोद उपाध्याय, हरिशंकर प्रसाद, मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे।

### सामाजिक संस्था की बहनों ने तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों को राखी बाँधा





बहन भाई के रिश्तो मजबूत बनाने वाला महापर्व रक्षाबंधन के पूर्व संध्या काशीडीह स्थित जानकी भवन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ धर्म जागरण मंच पूर्व सैनिक सेवा परिषद के भाइयों को तिलक अक्षत लगाकर राखी बांधकर आरती उतार कर ईश्वर से उनके दीर्घायु व आरोग्य जीवन की कामना की। पूर्व सैनिकों में सुशील कुमार सिंह राजीव रंजन दिनेश सिंह डॉक्टर कमल शुक्ला मिथिलेश सिंह पंकज सिंह सुशील पांडेय आदि शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप यात्रा एक जीवन की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह ,रिंकी देवी पिंकी रेनू बबीता सविता सिंह, मधुमाला उपस्थिति रही।

### माँ के प्यार और संघर्ष से भरी ' माँ ' सॉन्ग हुआ लॉन्च

- त्रिपाठी बाबा, पूजा सिंह, माधव गिरी की अभिनय को लोगों ने सराहा

**जमशेदपुर।** इस दुनिया में किसी भी चीज को माँ के प्यार से नहीं तोला जा सकता... माँ में ममता, स्नेह, वात्सल्य, त्याग, संघर्ष समाहित रहता है.. इसलिए माँ शब्द अपने आप में बहुत होता है ..इन सभी भावों को दिखाता एक वीडियो सोंग ' माँ के आँचल है ' जमशेदपुर के तुलसी भवन में लौंच हुआ.वीडियो के लौंच होते ही यह सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा. यह सोंग यू ट्यूब के टीबी सीरीज चैनल पर लौंच हुआ है.वीडियो सौन्ग के मुख्य कलाकार अभय कुमार त्रिपाठी (त्रिपाठी बाबा), पूजा सिंह, माधव गिरी, साक्षी आदि कलाकारों ने अभिनय किया है. लौंच के मौके पर शहर के उभरते हास्य कलाकार दीपक मिश्रा उपस्थित थे, इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आये अतिथीयों को अपने मिमीक्री से खुब मनोरंजन किया.

इस अवसर पर वीडियो सौन्ग के मुख्य कलाकार त्रिपाठी बाबा ने कहा कि वीडियो के गीत और संगीत बहुत ही खूबसूरत बना है, और लोगों को खुब पसंद आ रहा है. इस वीडियो सोंग का निर्देशन अमित राज ने किया है, वहीं संगीत हर हर शंभु फेम आकाश देव ने दिया है. लौंच के मौके पर त्रिपाठी बाबा ने आगे कहा कि माँ वीडियो सौंग में माँ और बेटे के पवित्र रिश्ते को दिखाया गया है. उन्होंने कहा कि वीडियो में दिखेगा किस प्रकार माँ अपने बेटे को बचपन से पाल पोष कर बड़ा कर उसे अपने पैर पर खडा करती है, फिर एक दिन माँ दुनिया को छोड़कर चली जाती है, ऐसे में बेटे की दुनिया उदास हो जाता है. वहीं अभिनेत्री पूजा सिंह ने कहा कि उन्हें माँ का अभिनय करने में काफी अच्छा लगा, माँ के अभिनय करना आसान नहीं था, क्योंकि शूटिंग के दौरान कभी रोना, हंसना, बच्चे को प्यार करना, फिर कभी डाँटना ऐसे में चेहरे का हाव भाव सबको कैरेक्टर के अनुरूप चेंज करना पड़ता था, उन्होंने कहा इस वीडियो में काम करके अच्छा लगा. वीडियो में चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में माधव गिरी ने बताया कि उन्होंने कैमरे के सामने पहली बार एक्टिंग करने का मौका मिला बहुत ही अच्छा अनुभव रहा, उन्होंने कहा कि आगे और भी वीडियो प्रोजेक्ट और वेब सीरीज कर रहा हूँ...

इस अवसर पर त्रिपाठी बाबा, पूजा सिंह, अमित राज, दीपक मिश्र, मनोज पांडे, विवेक सिंह, माधव गिरी, साक्षी आदि कलाकार उपस्थित थे.

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तुलसी भवन में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता सम्पन्न













न्यूज धमाका।

**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भाँति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वा-रा संस्थान के मुख्य सभागार में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विद्यालयी छात्र - छात्राओं के लिये देशभक्ति समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के अन्तर्गत शनिवार, 9 अगस्त 2025 को समुह गीत प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। गीत प्रतियोगिता में नगर के 23 विद्यालयों से कुल 246 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । सभी प्रस्तुतियाँ उच्च स्तरीय रही । कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि सेवा भारती के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष श्री राज कुमार सिंह के संग संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी , उपाध्यक्ष रामनन्दन प्रसाद, महासचिव डॉ॰ प्रसेनजित तिवारी, कोषाध्यक्ष विमल कुमार जालान, कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सर्वश्री/श्रीमती नूपुर गोस्वामी, राजेन्द्र साह 'राज' एवं नीलाम्बर चौधरी शामिल रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ॰ रागिनी भूषण, डॉ॰ यमुना तिवारी व्यथित, डॉ० अजय कुमार ओझा, अरुणा भूषण शास्त्री, दिव्येन्दु त्रिपाठी, अजय कुमार प्रजापति, पूनम महानंद, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', नीलिमा पाण्डेय , पूनम सहाय, नीता सागर चौधरी, पूनम सिंह, नीलम पेडीवाल,डॉ राकेश पाण्डेय, अरुणा झा, सुजय कुमार, विनोद बेगाना तथा हरभजन सिंह रहबर प्रमुख रहे । मौके पर बडी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही । प्रतियोगिता के आरंभ में प्रतिभागी विद्यालयों के उपस्थित शिक्षक - शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर में मनाया रक्षाबंधन का पावन त्यौहार

**बहनों ने कलाई पर बांधी राखी, बहनों की रक्षा का वचन देकर पूर्व सीएम ने नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा का किया आहवान**







न्यूज धमाका।

**जमशेदपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का पावन त्यौहार रक्षाबंधन शनिवार को शहर में पूरे श्रद्धाभाव से मनाया गया। रक्षाबंधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर के एग्रिको स्थित आवास पर अपनी बहनों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्र की सैकड़ों बहनों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों से राखी बंधवाई। इस दौरान बहनों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी और तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और मुंह मीठा कर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। पूर्व सीएम रघुवर दास ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया और उनकी रक्षा का संकल्प लेकर सभी के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया।

इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। आज हमने अपनी बहनों एवं क्षेत्र की बहनों के साथ रक्षाबंधन का उत्सव मनाया। उन्होंने झारखंड की बहनों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। कहा कि प्राचीन काल से रक्षा सूत्र का विशेष महत्व रहा है। जब हमारे वीर योद्धा धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए युद्धभूमि में जाते थे, तब घर की महिलाएं उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनकी विजय और सुरक्षा का आशीर्वाद देती थीं। श्री दास ने कहा कि आज के समय में समाज में कई विकृतियां आ गयी हैं, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध और व्यभिचार की घटनाओं को समाप्त करने के लिए हमें एकजुट होना होगा। नारी शक्ति का सम्मान करना हर भाई का परम कर्तव्य है, क्योंकि नारी के आशीर्वाद से ही जीवन में सफलता, समृद्धि और प्रगति प्राप्त होती है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सभी भाइयों से आ''ान किया कि रक्षाबंधन के दिन सभी संकल्प लें कि नारी शक्ति की गरिमा और सुरक्षा की रक्षा में सदैव अग्रणी रहेंगे, उन्हें सम्मान देंगे और उनके आशीर्वाद से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे।

### रेल सिविल डिफेंस द्वारा नवपदस्थापित क्षेत्रीय प्रबंधक का गर्म जोशी से स्वागत



टाटानगर रेल सिविल डिफेंस टीम ने क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में नव पदस्थापित क्षेत्रीय प्रबंधक सह आपदा अधिकारी का गर्म जोशी से स्वागत हेतू वेलकम कार्यक्रम आयोजित किया । प्रारम्भ में सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने क्षेत्रीय प्रबंधक सह आपदा अधिकारी समीर सौरभ को पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनका स्वागत किया ।

पूर्व क्षेत्रिय प्रबंधक अभिषेक सिंघल के साथ किये महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विवरण दिया । जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर किए गए कार्य का उल्लेख किया । झारखंड सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निरंतर जारी जागरूकता कार्यक्रम का विवरण दिया कार्यक्रम के अंत में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी विविध कार्यक्रम आयोजन सुनिश्चित किया गया । क्षेत्रीय प्रबंधक ने सिविल डिफेंस टीम के कार्यों में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया ।

वेलकम कार्यक्रम में सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार के साथ डेमोस्ट्रेटर अनिल कुमार सिंह ,कल्याण कुमार साहू , बोलेटीयर गीता कुमारी ,अनामिका मंडल अनिता टुडू और क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

### सामाजिक संस्था अस्तित्व ने सैनिकों संग मनाया रक्षा बंधन का त्यौहार



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षा बंधन के दिन सोनारी स्थित 220 रेजिडेंट सैन्य शिविर मे संस्था की संस्थापक श्रीमति मीरा तिवारी की अध्यक्षता मे सैनिकों की कलाई पर राखी बांधकर भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन मनाया गया इस अवसर पर सभी सम्मानित सदस्यों नें भारत देश के वीर जवानों की क्लाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की दिन रात देश की सुरक्षा मे अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले वीर जवानों सैनिकों और अधिकारीयों को अपने परिवार से दूर रहने का मलाल ना रहे क्योंकि उन्हें कभी त्योहारों मे अपने घर जाना संभव नहीं हो पता हैं इस मौके पर समाजसेवी श्रीमति मीरा तिवारी नें कहा की हम सब यही कामना करते हैं की भगवान इन्हे इतनी शक्ति दें की देश की रक्षा की खातिर दुश्मनों के विरुद्ध लड़ाई मे जीत हासिल करें और सफल हों मौके पर सभी सैनिक भाइयों नें बहनो का सम्मान करते हुए जलपान की व्यवस्था की इस अवसर पर अस्तित्व की जिला अध्यक्ष श्रीमति अर्चिता अन्नू चौबे, समाजसेवी बैजयंती बारी, ममता मिश्रा, निशि सिन्हा,अनिता तिवारी नें राखी बांधकर अपने सैनिक भाइयों को आशीर्वाद दियो

# रक्षा बंधन पर पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने पेश की मिसाल, बहन को दी रोज़गार की सौगात

**● रक्षा बंधन के पावन अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने भाई-बहन के रिश्ते को नई ऊँचाई देते हुए एक प्रेरणादायक कदम उठाया।**



न्यूज धमाका।

नामया स्माइल फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य मंटू प्रामाणिक से मिली जानकारी के आधार पर, उन्होंने अपनी छोटी बहन किरण कुमारी, जो अत्यंत अभावग्रस्त परिस्थितियों में भी कठिन परिश्रम से अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं, उनको तोहफ़े के रूप में सिलाई मशीन भेंट की।

किरण कुमारी लंबे समय से अपनी आजीविका चलाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। पूर्व विधायक की इस पहल से न केवल उनके काम में नई गति आएगी, बल्कि उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ा सहारा मिलेगा। कुणाल षाडंगी ने इस मौके पर कहा–

''रक्षा बंधन सिर्फ राखी बांधने का त्यौहार नहीं, बल्कि बहन की सुरक्षा, सम्मान और उसके भविष्य को संवारने का संकल्प है। मेरा प्रयास है कि हर बहन अपने पैरों पर खड़ी हो और किसी पर निर्भर न रहे।''

इस अवसर पर झामुमो युवा मोर्चा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष अंकित सिंह, युवा नेता अभिषेक मोहंती, कपिल रजक और सोनू तिवारी भी उपस्थित रहे।

# नदी तलाब में डूबने की घटनाओं को रोकने निवारक उपाय की प्रशिक्षण दी गई

**● डूबने से होने वाली मौत की संख्या में बढ़ोतरी बहुत ही चिंता जनक - संतोष कुमार**





न्यूज धमाका।

टाटानगर रेल सिविल डिफेंस ने एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर नदी, तालाब में डूबते हुए व्यक्ति को रेस्क्यू करने ,डूबने की घटनाओं को रोकने निवारक उपाय की विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण लोको पायलटो को दिया ।

इलेक्ट्रिक लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर में एक दिवसीय शिविर आयोजित कर लोको पायलटों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के दौरान सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि बरसात के दिनों में उफनते नदियों और तालाबों में डूबने से होने वाले मौतों की संख्या में बढ़ोतरी बहुत ही चिंताजनक है । विशेष रूप से बच्चे और युवा वर्ग पानी के लहरो से आकर्षित होकर और रिंल्स बनाने की जुनून में डूबने की घटना का शिकार हो जाते हैं । इसका गहरा प्रभाव उनके परिवारों और समुदाय पर पड़ता है । नदी तालाबों और अन्य जल निकायों के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त उपाय नहीं होती है जिसे तत्काल रेस्क्यू कार्य संभव नहीं हो पता और डुब रहे व्यक्ति का बचाव नही हो पाती है । डुबते हुए व्यक्ति को रस्सा का उपयोग कर बचाव कार्य विधि और पानी से व बाहर निकालने के बाद पेट से पानी को निकालने का प्रशिक्षण सिविल डिफेंस के कुशल प्रशिक्षित प्रशिक्षक कल्याण कुमार साहू द्वारा दी गई ।रस्से में गाठ लगाकर नदी में फेंकने पीड़ित को आवाज देने की प्रक्रिया का जीवंत प्रस्तुत कर प्रशिक्षत किया ।इसके साथ ही खाली बोतल की लाइफ जैकेट बनाने की विधि ,ट्यूब में हवा भरकर, गैलन, ड्राम से रेस्क्यू कार्य में उपयोग करने की विधि को दिखाया गया । कल्याण साहू ने बताया कि1 लीटरखाली बोतल की क्षमता 7 किलो का भार उठाने की होती है व्यक्ति अपने वजन के अनुरूप खाली बोतल सीने में बांधकर गहरे पानी में जाने पर भी नहीं डूबेंगे और 72 घंटे तक पानी में जीवित रह सकते हैं । डेमोंस्ट्रेटर शंकर प्रसादके द्वारा सीपीआई और फायर संयंत्र उपयोग में सावधानी की विधि जीवंत प्रदर्शन कर प्रशिक्षित किया डेमोंस्ट्रेटर अनिल कुमार सिंह ने एलपीजी गैस लीकेज से लगने वाले आग बुझाने की विभिन्न विधियों का डेमोंस्ट्रेशन दिया ।

प्रशिक्षण शिविर में दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल टाटानगर बण्डामुंडा राउरकेला रांची आद्रा खड़गपुर संतरागाछी हावड़ा के लोको पायलट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# खड़ंगाझार में एक ही रात तीन मंदिरों में चोरी, चांदी के मुकुट-छत्र समेत नकदी पार





न्यूज धमाका।

जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत खड़ंगाझार में चोरों ने धार्मिक आस्था पर वार करते हुए एक ही रात में तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया। श्री हनुमान मंदिर, श्री श्श्र मंदिर (गणेश मंदिर) और टीओपी परिसर स्थित जटाधारी शिव मंदिर से चांदी के मुकुट, छत्र, नकद रुपये समेत कीमती सामान चोरी कर लिया गया। अनुमानित नुकसान दो लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है।

VVS मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में एक चोर अर्धनग्न अवस्था में, हाथ में रॉड लिए मंदिर में प्रवेश करता दिख रहा है। यहां छह दान पेटियां तोड़कर नकदी भी उड़ाई गई। चोरी की सूचना मिलते ही श्री हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति के महासचिव राजेश मणि त्रिपाठी और अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और टेल्को थाना को सूचित किया।

मामले में भाजपा नेता अंकित आनंद ने ट्वीट कर जमशेदपुर पुलिस से अविलंब कार्रवाई की मांग की। उनके अनुसार, ''टीओपी परिसर स्थित मंदिर तक असुरक्षित है, इससे अधिक चिंताजनक स्थिति और क्या होगी।'' अखाड़ा कमिटी अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, सुमित जैसवाल, मनीष तिवारी, गौरव कुमार, रंजीत कुमार, पंकज मिश्रा समेत कई स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए शीघ्र उद्भेदन की मांग की। जमशेदपुर पुलिस के वेरिफ़ाएड ट्विटर हैंडल से जवाब आया कि मामले में संज्ञान लिया गया है और कार्रवाई की जा रही है। चोरी की इस वारदात से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है और इसे सीधे पुलिस प्रशासन को दी गई चुनौती माना जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज पुलिस को आरोपितों तक पहुंचाने में मददगार साबित हो सकता है। खड़ंगाझार में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं, और लोग मांग कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए।

## एक नज़र

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी की गई



**बेरमो: आसिफ अंसारी।** बोकारो जिला बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के अध्यक्षता में तेनुघाट स्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी की गई । जिसमें अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी उपस्थित थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सिंह ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को पिछले लंबित मामलों को समीक्षा करते हुए त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही पिछले माह में भी हुए अपराधिक घटनाओं को बारे में भी चर्चा करते हुए, अपराधियों पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है। और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को रखना और और अपराधिक गतिविधि पर नज़र बनाए रखने की बात कही गई है। उपस्थित सभी पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश देते हुए कहा की सभी लंबित कांडों को शीघ्र निष्पादन तय समय में करें। आगे बताया कि चोरी, छिनतई जैसे मामले को शीघ्र उद्भेदन करने पर जोर दे। बहुत से पेंडिंग कांडों का निष्पादन किया गया है और नई केशो का समीक्षा किया जा रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को उनके कार्य के प्रति की गई मेहनत पर हौसला बढ़ाते हुए सराहा है और निष्ठा पूर्वक कार्य करने की सलाह दिया।

### गुमटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक में शुक्रवार की देर रात को अज्ञात चोरों द्वारा एक गुमटी का ताला तोड़कर गुमटी में रखे बीस्कूट , चाकलेट, कास्मेटिक व अन्य सामग्री को लेकर रफूचक्कर हो गया। महानंद दास का गुमटी में करीब 30-35 हजार का समान को चोरी कर लिया गया।रविवार की सुबह सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी लिया। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पहले भी मिलन चौक में एक गुमटी को तोड़कर चोरी कर लिया गया था। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। वहीं व्यवसायिक समिति मिलन चौक के सचिव दिलीप कुमार दास ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि रात्रि गस्ती नही होने से चोरी का घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

### ट्रेलर के चपेट में आने से एक युवक की हुई दर्दनाक मौत

**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ 33 पर दारूदा के पास एक अनियंत्रित ट्रेलर की चपेट में आने से शनिवार की तड़के सुबह 4 बजे बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के पा-रासी टोला कीसुनपुर निवासी समीर कुमार महतो के रूप में किया गया। घटनास्थल से पुलिस वल द्वारा उसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया जा रहा था,




जहां रास्ते में ही वह दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार दो युवक चांडिल की ओर से अपना घर पारासी टोला कीसुनपुर जा रहा था , जहां ट्रेलर के चपेट में आने से एक की मौत हो गई एवं एक युवक का इलाज एमजीएम कि किया जा रहा है। ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया है एवं वाहन को जप्त कर किया गया है। उन्होंने बताया कि टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक टुकड़े में बंट गया है।

### गोमिया काली मंदिर के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय श्री चंडी पाठ का पूर्णाहुति

**गोमिया।** गोमिया मोड़ स्थित काली मंदिर में मंदिर का 34 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में तीन दिवसीय श्री चंडी पाठ का आयोजन किया गया है। जिसका पूर्णाहुति शनिवार





को पूजा अर्चना, कुंवारी कन्या पूजन एवं खीर भोग महाप्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस दौरान पूजा अर्चना एवं दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं पूजा अर्चना, हवन,महाआरती आदि का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। पूजा को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के अध्यक्ष जगदीश स्वर्णकार, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज, सचिव प्रदीप रवानी, कोषाध्यक्ष किशोर साव, बसंत जायसवाल, विपिन कुमार,संजय पांडेय, आदित्य पांडेय, धीरज स्वर्णकार, बिनोद अग्रवाल, धनेश्वर नायक, द्वारिका रवानी, लालजी नायक, राजेंद्र रजक, अनिल स्वर्णकार, प्रकाश अग्रवाल, किशोरी ठाकुर, सुनील यादव, केदार रवानी, बिगन साव, भोला नायक, राजेंद्र साव, राजेंद्र रवानी का सराहनीय योगदान रहा।

# शिबू सोरेन को लोयोला स्कूल ने श्रद्धांजलि दी

## फादर जोसेफ को विदाई और नए रेक्टर थानाराज के स्वागत में हुई विशेष सभा

**न्यूज धमाका।**

जमशेदपुरः लोयोला स्कूल ने एक भावपूर्ण विशेष विशेष सभा का आयोजन कर दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी वहीं संस्थान के निवर्तमान रेक्टर फादर के.एम. जोसेफ को विदाई तथा नए रेक्टर फादर माइक थानाराज का हार्दिक स्वागत किया गया।

इसकी शुरुआत आदिवासी नेता, वरिष्ठ राजनेता, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन की मार्मिक स्मृति के साथ हुई। प्रिंसिपल फादर विनोद फर्नांडीज एसजे के अनुसार, ३शिबू सोरेन



की उल्लेखनीय विरासत का सम्मान करते हुए, हमें उनके द्वारा अपनाए ईमानदारी, विनम्रता और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों की याद आती है। शिबू सोरेन की उपलब्धियों का झारखंड और भारत की आदिवासी राजनीति पर एक स्थायी और परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा। उनकी दूरदर्शिता ने कमज़ोरों को न्याय दिलाया और पूरे समुदाय का उत्थान किया।‍३

विद्यालय की विकास को बढ़ावा देने की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए, फादर माइक थानाराज ने फादर के.एम. जोसेफ को कृतज्ञता और लोयोला की विरासत को जारी रखने के प्रतीक के तौर पर पौधा भेंट किया।

छात्रा निष्ठा देव ने भावुकमय वक्तव्य द्वारा फादर के.एम. जोसेफ के मार्गदर्शन के लिए अपने अनुभव साझा किया। विद्यार्थियों ने मार्मिक संगीत प्रस्तुति के माध्यम से अपनी विदाई दी। अनुराग अरबिंद ने नए रेक्टर फादर माइक थानाराज का परिचय कराया और पूरे लोयोला परिवार की ओर से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रिंसिपल फादर विक्टर मिस्क्विथ, फादर सिरिल तिग्गा, वाइस प्रिंसिपल जयंती शेषाद्रि और वाइस प्रिंसिपल विनीता एक्का, फैकल्टी, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्कूल गान के साथ हुआ।

## अमेरिका द्वारा भारत पर थोपे गये एकतरफा टैरिफ के विरोध में सिंहभूम चैम्बर ने किया पोस्टर लाँच

### अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार एवं स्वदेषी उत्पादों के उपयोग का किया आव्हान

**न्यूज धमाका।**

अमेरिका द्वारा भारत पर थोपे गये पच्चीस प्रतिषत प्लस 25 प्रतिषत एकतरफा टैरिफ के विरोध में भारत जनमानस एवं व्यापारियों को जागृत करने के उद्देष्य से सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आज सिंहभूम चैम्बर सभागार में एक पोस्टर लाँच किया गया। पोस्टर के माध्यम से चैम्बर ने अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार एवं स्वदेषी उत्पादों के उपयोग का आव्हान किया है। पोस्टर को चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, उपाध्यक्ष व्यापार एवं वाणिज्य अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ किया।



इस अवसर पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि अमेरिका का यह निर्णय अनैतिक एवं अव्यवहारिक है। जब पूरे विष्व का व्यापारिक परिदृष्य वैष्विक दृष्टिकोण से प्रभावित हो रहा है ऐसे में इस निर्णय के दूरगामी प्रतिकूल परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कोरोना के समय भी इस तरह के अव्यवहारिक निर्णयों से भारत के सामने दिक्कतें आई थी परंतु भारत के उद्यमियों एवं व्यापारियों ने अपनी उद्यमषीलता से सारी परेषानियों को दूर किया और आपदा को अवसर में बदलते हुये नये कीर्तिमान स्थापित किये। उन्होंने कहा अभी भी ऐसे निर्णयों से भारतीयों को हताष नहीं होना चाहिए। अपितु इन्हीं परिसिथ्तियों में रास्ता तलाषकर अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने भारतीय जनमानस से अपील की कि हमें भी अमेरिकी कंपनियों का खुलकर बहिष्कार करना चाहिए ताकि उनको सबक मिल सके।

इस अवसर पर अनिल मोदी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का यह निर्णय तानाषाही भरा है। और वर्ल्ड टेज्ड ऑर्गनाईजेषन के नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का यह ऐलान वैष्विक मंच पर भारत को नीचा दिखाने का प्रयास है। भारत के उद्यमियों एवं व्यवसायियों के साथ-साथ आम नागरिक भी अमेरिका के कुत्सित प्रयास को समझ रहा है। अमेरिका के इस अपरिपक्व ऐलान से आम जनमानस में भी आक्रोष है। उन्होंने कहा कि कोल्हान के उद्यमियों एवं व्यवसायियों के साथ-साथ आम जनमानस के आक्रोष को स्वर देने के लिये सिंहभूम चैम्बर अमेरिका द्वारा थोपे गये इस टैरिफ के विरोध में आज एक पोस्टर लाँच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पोस्टर को शहर के प्रमुख बाजारों में लगाया जायेगा एवं विभिन्न सोषल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अमेरिका के इस तानाषाही निर्णय के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।

सचिव भरत मकानी ने कहा कि चैम्बर का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने शहर के आम लोगों से अपील की कि अमेरिकी कंपनियों के सामानों का खुलकर बहिष्कार करें। ताकि ऐसे एकतरफा निर्णय लेने वाले राजनीतिज्ञों को भी सबक मिले।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिव अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगसिया, अनीस वैद्य, प्रमोद मेहता के अलावा अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## माँ के प्यार और संघर्ष से भरी ' माँ ' सोंग हुआ लौंच,

- त्रिपाठी बाबा, पूजा सिंह, माधव गिरी की अभिनय को लोगों ने सराहा

जमशेदपुरः इस दुनिया में किसी भी चीज को माँ के प्यार से नहीं तोला जा सकता... माँ में ममता, स्नेह, वात्सल्य, त्याग, संघर्ष समाहित रहता है.. इसलिए माँ शब्द अपने आप में बहुत होता है ..इन सभी भावों को दिखाता एक वीडियो सोंग ' माँ के आँचल है ' जमशेदपुर के तुलसी भवन में लौंच हुआ.वीडियो के लौंच होते ही यह सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा. यह सोंग यू ट्यूब के टीबी सीरीज चैनल पर लौंच हुआ है.वीडियो सौन्ग के मुख्य कलाकार अभय कुमार त्रिपाठी (त्रिपाठी बाबा), पूजा सिंह, माधव गिरी, साक्षी आदि कलाकारों ने अभिनय किया है. लौंच के मौके पर शहर के उभरते हास्य कलाकार दीपक मिश्रा उपस्थित थे, इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आये अतिथीयों को अपने मिमीक्री से खुब मनोरंजन किया.






इस अवसर पर वीडियो सौन्ग के मुख्य कलाकार त्रिपाठी बाबा ने कहा कि वीडियो के गीत और संगीत बहुत ही खूबसूरत बना है, और लोगों को खुब पसंद आ रहा है. इस वीडियो सोंग का निर्देशन अमित राज ने किया है, वहीं संगीत हर हर शंभु फेम आकाश देव ने दिया है. लौंच के मौके पर त्रिपाठी बाबा ने आगे कहा कि माँ वीडियो सौंग में माँ और बेटे के पवित्र रिश्ते को दिखाया गया है. उन्होंने कहा कि वीडियो में दिखेगा किस प्रकार माँ अपने बेटे को बचपन से पाल पोष कर बड़ा कर उसे अपने पैर पर खडा करती है, फिर एक दिन माँ दुनिया को छोड़कर चली जाती है, ऐसे में बेटे की दुनिया उदास हो जाता है. वहीं अभिनेत्री पूजा सिंह ने कहा कि उन्हें माँ का अभिनय करने में काफी अच्छा लगा, माँ के अभिनय करना आसान नहीं था, क्योंकि शूटिंग के दौरान कभी रोना, हंसना, बच्चे को प्यार करना, फिर कभी डाँटना ऐसे में चेहरे का हाव भाव सबको कैरेक्टर के अनुरूप चेंज करना पड़ता था, उन्होंने कहा इस वीडियो में काम करके अच्छा लगा. वीडियो में चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में माधव गिरी ने बताया कि उन्होंने कैमरे के सामने पहली बार एक्टिंग करने का मौका मिला बहुत ही अच्छा अनुभव रहा, उन्होंने कहा कि आगे और भी वीडियो प्रोजेक्ट और वेब सीरीज कर रहा हूँ...

इस अवसर पर त्रिपाठी बाबा, पूजा सिंह, अमित राज, दीपक मिश्र, मनोज पांडे, विवेक सिंह, माधव गिरी, साक्षी आदि कलाकार उपस्थित थे.

## रेलवे टेक्नीशियन ने घर की छत पर तैयार की भारत की पहली 'रियल-लाइफ बीजीएमआई बग्गी

**न्यूज धमाका।**

रांचीः क्राफ्टन इंडिया ने सामुदायिक सहयोग, रचनात्मकता और जमीनी स्तर पर नवाचार के जज़्बे को प्रदर्शित करते हुए डिजिटल स्टोरीटेलिंग 'बियॉन्ड बैटलग्राउंड्स' की शुरुआत की है। यह पहल बीजीएमआई के उत्साही और जुनूनी प्रशंसकों के माध्यम से भारतीय गेमिंग को जीवंत तरीके से प्रस्तुत करती है। इस मूवमेंट की अगुवाई राजस्थान के श्रीगंगानगर के 28-वर्षीय रेलवे तकनीशियन करण कारगवाल कर रहे हैं। करण ने तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपने घर की छत पर ही आइकॉनिक बीजीएमआई बग्गी का पूरी तरह से फंक्शनल और फुल-स्केल रेप्लिका तैयार किया है।




इसे तैयार करने के पीछे करण की कई हफ्तों की मेहनत है। करण ने बेकार पड़ी धातुओं, कुछ अन्य औजारों के हिस्से-पुर्जों, तथा अपनी पुरानी मोटरसाइकिल के इंजन, वेल्डिग टूल्स और एक फोन कैमरे की मदद से इसे तैयार किया हैं जो वास्तव में, पसंदीदा इन-गेम व्हीकल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। करण के पास इंजीनियरिंग या डिजाइन की कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं है, वह भारतीय रेलवे में पूर्ण-कालिक तकनीशियन के तौर पर काम करते हैं।

करण कारगवाल ने बताया, 'मैं काम के बाद अपने मनोरंजन के लिए बीजीएमआई खेलता था लेकिन तब मुझे यह ख्याल नहीं आया था कि किसी दिन मैं कुछ ऐसा वास्तविक करूंगा। खेलने और रोज़मर्रा की जिंदगी के बीच, एक दिन इसका विचार मुझे आया और फिर तो मैं इसे पूरा करके ही माना।'

इसे बग्गी को तैयार करने की स्टोरी बयां करने वाली करण की रील ने तहलका मचा दिया। उनके 22,000 फॉलोअर्स ने उनके इस महत्वाकांक्षी सफर में उनका भरपूर साथ दिया। इनमें से 95 फीसदी फॉलोअर्स टियर 2, 3 और 4 से आते हैं।

सौरभ शाह, हेड ऑफ पीपल ऑपरेशंस, क्राफ्टन इंडिया ने कहा, 'भारत में गेमिंग अब कोई सीमित रूचि वाला क्षेत्र नहीं रहा। यह एक मूवमेंट बन चका है, जिसे छोटे शहरों के क्रिएटर्स आगे बढ़ा रहे हैं। हम इस बदलाव के सिर्फ गवाह नहीं हैं झ हम इसके समर्थक भी हैं।' यह अब बीजीएमआई के आधिकारिक यूट यूब, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक पेजों पर लाइव है।

## एसएससी आवास के महज 200 मीटर की दूरी से मोटरसाइकिल उड़ा ले गए चोर ।

मानगो शकोसाई के रहने वाले दिलीप ठाकुर की नई हीरो होंडा मोटरसाइकिल सर्किट हाउस एरिया स्थित क्कऊ सैलून के सामने से दिनदहाड़े चोर उड़ा लेंगे । दीपक ठाकुर ने मामले की जानकारी पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दिया विकास सिंह ने बिष्टुपुर थाने में मुकदमा दर्ज करवाते हुए वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया में लिखा है - देखिए एसएसपी साहब आपके घर के महज 200 मीटर की दूरी में स्थित क्कऊसैलून सर्किट हाउस के सामने से दिनदहाड़े मानगो शंकोसाई के रहने वाले छोटे भाई दीपक ठाकुर की नई स्प्लेंडर गाड़ी चोर उड़ा कर ले गए । विकास सिंह ने कहा की उन्होंने पहली बार देखा कि वर्तमान के थानेदार खुलेआम अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं जिसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि दिनदहाड़े एस एस पी आवास के समीप से बिना भय के मोटरसाइकिल चोर उड़ा कर ले जा रहे हैं

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छोटा गदरा में पौधा एवं भोजन का वितरण

- आदिवासी नव्य मानवतावादी विचार के होते हैं
- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छोटा गदरा में आदिवासियों के बीच आनंद मार्ग ने बांटे भोजन,बीज बाल एवं तीन दिन में कुल 500 निशुल्क पौधे

**न्यूज धमाका।**

**जमशेदपुर।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छोटा गदरा आदिवासी समाज के लोगों के बीच तीन दिवसीय पौधा वितरण एवं भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

आज तीन दिन मिलाकर लगभग 500 फ़लदार पौधे का वितरण किया गया।

छोटा गदरा एवं उसके आसपास के गांव में आदिवासी समाज के लोगों के बीच प्राकृतिक संरक्षण के लिए आदिवासी दिवस के अवसर पर बीज बॉल बनाकर बीज बॉल बनाने की पद्धति बताई गई एवं उन लोगों के बीच बीज बोल भी दिया गया पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प भी दिलाया गया '

आदिवासी नव्य मानवतावादी विचार के होते। इसका सबसे बड़ा पहचान






आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है जो कि पेड़ पौधे को परिवार का सदस्य के रूप में स्वीकार करते हैं प्राकृतिक को वे भगवान मानते हैं सही प्राकृतिक प्रेमी आदिवासी ही है '

आनंद मार्ग के सुनील आनंद का कहना है कि जब तक हम पेड़ पौधों एवं जीव-जंतु को अपने परिवार का सदस्य के रूप में स्वीकार नहीं किया करेंगे तब तक प्रकृति का कल्याण संभव नहीं है इसलिए नव्य -मानवतावादी विचारधारा से समाज का कल्याण संभव है ' नव्य मानवतावाद बताता है कि इस पृथ्वी पर मनुष्य ही नहीं अनेक प्रकार के पेड़-पौधे,जीव-जंतु इस पृथ्वी रूपी परिवार के सदस्य हैं' हम इस पृथ्वी के बुद्धिमान जीव होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि सभी को परिवार सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाए ' मनुष्य का परम आदर्श नव्य- मानवतावाद होना चाहिए,तभी पृथ्वी का कल्याण संभव है '

इस विचार को आदिवासी समाज स्वीकार करते हुए आगे बढ़ रहे हैं हम लोगों को इन लोगों के बीच सहयोग की आवश्यकता है' आनंद मार्ग हमेशा पर्यावरण के उद्देश्य से आदिवासी समाज के बीच मिलकर काम कर रहा है' पृथ्वी पर ऑक्सीजन की मात्रा को संतुलित रखने के लिए आनंद मार्ग की ओर से लगातार बांटे जाते हैं हर तरह के पौधे '

न्यूज धमाका
पाइए खबरों की अपडेट सबसे पहले

एक नजर

## श्रावण पूर्णिमा पर श्री राधा-कृष्ण मंदिर में दिखा भक्ति एवं ल्लास का संगम



**रांची**। झारखंड की राजधानी रांची में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा-कृष्ण मंदिर, पुंदाग में श्रावण पूर्णिमा का पर्व शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए।पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई और भव्य श्रृंगार के पश्चात अलौकिक रूप में उन्होंने भगवान के दर्शन कराए। सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। अनुष्ठान के दौरान मंदिर प्रांगण भक्ति-भाव से गूंज उठा।

ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने श्रावण पूर्णिमा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन भगवान शिव, रक्षाबंधन और वेदों के ज्ञान से जुड़ा है। इसी दिन ऋषि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का विभाजन कर मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सद्भाव और अध्यात्म का संदेश फैलाते हैं। युवाओं को संस्कृति से जोड़ते हैं। इस अवसर पर डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधु जाजोदिया, सुनील पोद्दार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**खूंटी**। जिला मुख्यालय खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन शनिवार को हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाइयों पर राखियां बांधकर उनके दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों को सप्रेम उपहार भेंटकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम के इस त्योहार को लेकर छोटी-छोटी बच्चियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही बच्चियां, युवतियां और महिलाएं स्नान कर सुंदर परिधानों में सुसज्जित होकर मंदिरों में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और घर आकर भाइयों की आरती उतारी, ललाट पर तिलक लगाया और कलाइयों में राखियां बांधकर भाइयों का मुंह मीठा कराया। कई बहनें मायका आकर अपने भाइयों को रखी बांधी। इस बार सुबह से ही रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता रहा। रक्षा बंधन के कारण राखी की दुकानों के साथ ही मिठाइयों और फलों की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही।

## बेज़ुबान प्राणियों को राखी बांधकर समाज को दिया अनूठा संदेश

**रांची**। झारखंड की राजधानी रांची के पिस्का मोड़ निवासी एक नौ वर्षीय बच्ची ने रक्षाबंधन के त्योहार को एक अलग ही अर्थ दे दिया है। इस बच्ची ने बेजुबान प्राणियों को राखी बांध कर उनकी जीवनपर्यंत रक्षा करने का संकल्प लिया है। रांची की नौ वर्षीय बच्ची कायरा मित्रा कुछ सालों से बेज़ुबान प्राणियों को रक्षासूत्र बांधती आ रही है, लिहाज अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी उसने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने घर में मौजूद कुत्तों को राखी बांधी और समाज में प्यार का अनोखा मिसाल पेश की। दरअसल, कायरा के पिता कमलेश कुमार मिश्रा पेशे से पत्रकार हैं, जबकि उसकी माँ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में सहायक जनसंपर्क अधिकारी हैं।



कायरा को बेजुबानों से प्रेम की यह सीख अपने माता-पिता से ही मिली है। उनके घर में इस समय 10 जानवर हैं, जिन्हें कायरा के माता-पिता सड़कों और गली-मोहल्लों से जख्मी अवस्था में उठाकर लाए हैं। सड़कों पर पड़े इन बेजुबानों को घर में लाकर पनाह दी गयी है। कायरा कहती हैं कि रक्षाबंधन पर भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर हम सभी उनसे रक्षा का बचन लेते हैं। लेकिन इन बेजुबानों की रक्षा कौन करेगा? इसी सोच के साथ उन्होंने हर रक्षाबंधन पर इन बेजुबानों को राखी बांधने और जीवनभर ख़याल रखने का संपल्प लिया है। कायरा की मां पूजा मिश्रा यह बताते हुए गर्व महसूस करती हैं कि उनकी बेटी ने एक संवेदनशील सोच को अपनाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भी इंसानों के साथ-साथ बेजुबान प्राणियों की रक्षा और देखभाल करने का संपल्प लेना चाहिए।

## बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, दिया आशीर्वाद

**रांची**। देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी रक्षाबंधन का त्योहार हर्षौंल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाईयों पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उन्हें चिरायु का आशीर्वाद दिया। भाईयों ने भी बहनों को प्रेम से गले लगाया और उपहार देकर बड़ी बहनों से आशीर्वाद लिया, तो छोटी बहनों को शुभाशीष दिया। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कई भाई-बहनों ने सुबह में सबसे पहले मंदिर जाकर भगवान के सामने मत्था टेका और इसके बाद घर आकर अपनी बहनों से राखी बंधवाई। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष सावन पूर्णिमा के दिन देशभर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहनों के असीम स्नेह और अनुराग का प्रतीक है।



# करो या मरो का नारा ने दी स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा : कमलेश

**संवाददाता/राँची।**



अगस्त क्रांति दिवस और विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में प्रदेश मुख्यालय कांग्रेस भवन में शनिवार को किया गया। इस क्रम में अगस्त क्रांति दिवस का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका पर प्रकाश डाला गया और स्वतंत्रता आंदोलन के विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही साथ आदिवासी समुदाय को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर कमलेश ने कहा कि करो या मरो का नारा आज ही के दिन दिया गया था जिसने लोगों में ऊर्जा का संचार करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दशा और दिशा दी थी, एक नया रास्ता दिखाने का काम किया था। उसके बाद आंदोलन ने जोर पकड़ा। स्वतंत्रता आंदोलन की वेदी ने हमारे कई महान विभूतियों की बलि ली, आज का दिन उन विभूतियों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की तुलना कभी नहीं की जा सकती। आज ही के दिन महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर आजादी की दिशा में एक निर्णायक आंदोलन तय किया था।

विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कमलेश ने कहा कि आज पूरे विश्व में आदिवासी समुदाय अपने हक अधिकार अस्मिता और पहचान अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ रहा है वह स्वागत योग्य है। आदिवासी समाज आज एक जागरूक समाज है। सामाजिक परिवेश में आज उनकी अहम भूमिका है।

प्रकृति और मनुष्य के बीच की एक अहम कड़ी आदिवासी समुदाय है जिसने जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प सदियों पहले लिया था जिसे वह आज तक निभा रहे हैं। समाज में समुदाय की भूमिका को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में समुदाय को अपनी विशिष्ट पहचान के साथ रहने और उसकी सुरक्षा के लिए विश्व आदिवासी दिवस की घोषणा की थी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने आजादी में मिल के पत्थर की भूमिका अदा की थी जिसमें समाज के हर तबके जाति, धर्म, युवा, बुजुर्ग महिलाओं ने सर्वस्व बलिदान कर आंदोलन को गति प्रदान की जिसका परिणाम अंग्रेजी हुकूमत की हार और भारत की आजादी के रूप में सामने आया। उन्होंने आदिवासी समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर झारखंड के निर्माण तक आदिवासी समुदाय ने अपनी भूमिका पुरजोर तरीके से अदा की थी। आदिवासी समाज के बिरसा मुंडा सिद्धू कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो सहित कई वीरों ने आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

कार्यक्रम में अनादी ब्रह्म राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, अभिलाष साहू, गजेंद्र सिंह, जगदीश साहू राजन वर्मा, राज वर्मा, अइनुल हक अंसारी, चंद्र रश्मि पिंगुआ सहित अन्य उपस्थित थे।

## जमशेदपुर मे आइएसबीटी के निर्माण की प्रक्रिया शुरू

**संवाददाता/राँची।**

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर की गरिमा के अनुरूप अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आइएसबीटी) बनाने की पहल शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के नागरिकों को सुगम और आरामदेह परिवहन संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प के तहत यह प्रक्रिया शुरू की गयी है। मानगो डिमना चौक के पास आइएसबीटी लगभग 13 एकड़ मे बनेगा।

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने हेम (हाईब्रिड एन्युइटी मोड) पर आइएसबीटी बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है। साथ ही प्रस्ताव की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए मंत्री के समक्ष उपस्थापित किया जा रहा है। इससे पूर्व मंत्री ने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को उच्च गुणवत्ता युक्त आइएसबीटी बनवाने का निर्देश दिया है।मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रधान सचिव कुमार ने जुडको को इसके क्रियान्वयन की जवाबदेही सौंपी है।

**बना नया डीपीआर**





कर्नाटक की आइडेक एजेंसी ने खाका तैयार किया है। उन्होंने हेम मोड पर तैयार हो रहे डीपीआर को जल्द प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। इसी परिसर के निकट जलसंसाधन विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय और गोदाम बनेगा। इसकी लागत एक अरब 45 करोड़ 24 लाख रुपये आयेगी।

## आस्था के अधिकार पर भी हो रही है राजनीति : बाबूलाल

**संवाददाता/राँची।**

झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर के बाबा वैद्यनाथ मंदिर और सांसद निशिकांत दूबे प्रकरण में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आस्था पर भी राजनीति करने का आरोप लगाया है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गोड्डा सांसद नीशिकांत दुबे शनिवार को बाबा वैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश करने और धक्का-मुक्की समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज होने के बाद अपनी गिरफ्तारी देने थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने से ही मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ तो मंदिर में पूजा करने पर भी केस दर्ज किया गया। सोचिए, आस्था के अधिकार पर भी राजनीति हो रही है।



बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि यह साफ दिखता है कि मामला पूरी तरह राजनीतिक था। केवल सांसद निशिकांत दुबे और सांसद मनोज तिवारी को परेशान करने के लिए ही ऐसा किया गया। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और यहां तक कि परिवारवालों को भी डराने, दबाने और बदनाम करने के लिए लगातार नए केस गढ़ना और पुलिसिया कार्रवाई करना राज्य सरकार का पैटर्न है। लेकिन सच को दबाना नामुमकिन है। भाजपा के लोग सरकार प्रायोजित ऐसे दमनात्मक कार्रवाइयों से डरने वाले नहीं है।

## नाग देवता शिव मंदिर में की गईं दिव्य गंगा आरती

**संवाददाता/राँची।**

राजधानी के रिंग रोड, सुभाष मुंडा चौक (दलादली चौक) समीप नाग देवता मंदिर परिसर में नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को भव्य गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दिव्य आरती को बनारस से आए गंगायात्री टीम ने संपन्न कराया। इस अवसर पर नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के सचिव सह पूर्व रातू प्रमुख सुरेश मुंडा, कोषाध्यक्ष रामभरोस महतो, दलादली दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुधीर महतो, सचिव अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय राय, राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, रामाशीष शर्मा, अशोक दुबे ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रावण मास के समापन के अवसर पर गंगायात्री पीयूष पाठक, आरतीकर्ता कमल नयन मिश्रा, डमरू वादक राजन पांडेय की ओर से गंगा आरती की गई। इसका उद्देश्य जल निकायों की स्वच्छता, निर्मलता और पर्यावरण संरक्षण है।



उन्होंने कहा कि गंगा आरती देवी गंगा को समर्पित एक धार्मिक अनुष्ठान है, जो भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण देवी हैं। आरती के माध्यम से भक्त गंगा नदी के प्रति अपने कृतज्ञता और भक्ति व्यक्त करते हैं। गंगा आरती में भक्त गंगा नदी के जल को पवित्र मानते हुए जीवन और समृद्धि के लिए आस्था और श्रद्धा रखते हुए मां गंगा से आशीर्वाद मांगते हैं। गंगा आरती एक आध्यात्मिक अभ्यास भी है, जो भक्तों को परमात्मा के करीब लाता है और उन्हें आध्यात्मिक रूप से शुद्ध करता है।

उन्होंने कहा कि गंगा आरती केवल एक धार्मिक अनुष्ठान हीं नहीं, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव भी है, जो भक्तों को गंगा नदी के महत्व और पवित्रता का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि वैसे श्रद्धालु जिन्हें वाराणसी की गंगा आरती में शामिल होने का अवसर नहीं मिल पाया है वैसे श्रद्धालु इस आरती में शामिल होकर दिव्य आरती का दर्शन कर पाएंगे। इस दिव्य महाआरती कार्यक्रम में मुख्य रूप से दलादली दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक जेपी ओझा,नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के उप सचिव बिरसू मुंडा, समाजसेवी चन्नू दुबे,बबन सिंह,, शंभू सिंह , अर्जुन पाठक, लाल बमबम नाथ शहदेव, अनिल सिंह, छोटू चौधरी, प्रदीप कुमार पप्पू, रितेश सिंह, गौतम राय, जितेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला,बच्चे और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

## नदी में कूदी युवती, स्थानीय युवकों ने बचाई जिंदगी



**पूर्वी सिंहभूम**। बागबेड़ा थाना क्षेत्र के बड़ौदा घाट में शनिवार को 22 वर्षीय प्रिया कुमारी ने खरकाई नदी में कूदकर खुदकुशी का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद दो साहसी युवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर उसे बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती के नदी में कूदते ही दोनों युवक तुरंत पानी में उतरे और उसे सुरक्षित किनारे ले आए। इसके बाद बागबेड़ा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि प्रिया कुमारी कहां से आई थी और उसने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में जमशेदपुर में खुदकुशी के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है।

## तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का समापन

### जेएसएस के स्टॉल में उमड़ी भीड़

**संवाददाता/खूँटी।**

जिला प्रशासन की ओर से सात से नौ अगस्त तक आयोजित नीति आयोग, आकांक्षी और प्रखंड कार्यक्रम का समापन शनिवार को हो गया। हाट का उद्देश्य लोकल फॉर बोकल के तर्ज पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है, ताकि जिले की आर्थिक और सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ किया जा सके। जन शिक्षण संस्थान विकास भारती खूंटी के स्टॉल में पहले दिन विधायक राम सूर्या मुंडा, सांसद प्रतिनिधि नईमुद्दीन खान, जिला शिक्षा प्राधिकारी अपरूप पाल, जिल शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह, प्रभारी पदाधिकारी कुंदन कुमार उपस्थित थे।

जेएसएस स्कीम और इसके अंतर्गत चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे मे प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने विस्तृत जानकारी दी और स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार से सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के लिए ज्यादा समर्थन की बात रखी।



जेएसएस खूंटी की ओर से लगाए स्टॉल को सैकड़ो की संख्या में लोग देखने आए, जिन्हें कार्यक्रम पदाधिकारी सुब्रत सेन प्रधान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभावती कुमारी ने जन शिक्षण संस्थान, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के जरिये चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव ठाकुर, धर्मेंद्र मुंडा, ममता सांगा, क्रिस्टीना भेंगरा, दसाय नाग ने योगदान दिया।

## बाबा आम्रेश्वर धाम के श्रावणी मेला में उमड़ा जन सैलाब

**संवाददाता/खूँटी।**

बाबा आम्रेश्वर धाम में श्रावणी महोत्सव का समापन शनिवार को हो गया। सावन पूर्णिमा के दिन शनिवार को बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और श्रावणी मेले का लुत्फ उठाने के लिए बाबा आम्रेश्वर धाम में लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

शनिवार को सुबह से ही मौसम साफ करने के कारण बाबा आम्रेश्वर धाम के पवित्र स्वयंभू शिवलिंग में जलार्पण और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ आम्रेश्वर धाम पहुंची। दूर-दराज क्षेत्रों से अंगराबारी आए श्रद्धालुओं ने बाबा आम्रेश्वर धाम के पवित्र शिवलिंग का पूजन-दर्शन कर श्रावणी मेला का आनंद उठाया। सुबह से शाम तक लगे सावन पूर्णिमा के इस मेले में एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और मेला में लगे डिजनीलैंड, इलेक्ट्रिक झूला, टावर झूला सहित मनोरंजन के अन्य साधनों का भरपूर आनंद उठाया। मेला में प्रसाद, खिलौने, श्रृंगार सहित नाना प्रकार के अन्य सैकड़ों दुकानें सजी थी, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।



मेला में सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में महिला, पुरुष जवान पूरे मेला परिसर में तैनात थे। इसके साथ ही जगह-जगह लगाए गए सीसीटीवी कैमरों से भी मेला परिसर की निगरानी की जा रही थी। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की सहायता के लिए पुलिस सहायता केंद्र एवं खोया पाया केंद्र स्थापित किया गया था। दूसरी और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग खूंटी की ओर से भी सूचना सहायता केंद्र सह प्रदर्शनी शिविर लगाकर लोगों को सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जा रही थी। इस बीच गत गुरुवार से धाम परिसर में प्रारंभ हुए 48 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का समापन शनिवार शाम को हुआ। अखंड हरी कीर्तन के समापन और पूर्णाहुति के बाद शुद्ध घी से बने प्रसाद लोगों के बीच बांटा गया।

## टाटानगर स्टेशन से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द और डायवर्ट

**संवाददाता/पूर्वी सिंहभूम।**

टाटानगर रेल मंडल और उससे होकर गुजरने वाले मार्गों पर बड़ी संख्या में ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। दक्षिण-पूर्व रेलवे ने बताया कि इस अवधि में कई ट्रेनों को रद्द किया जाएगा, कुछ का मार्ग बदला जाएगा और कुछ को शॉर्ट-टर्मिनेट या शॉर्ट-ओरिजिनेट किया जाएगा। इसका असर टाटानगर आने-जाने वाले हजारों यात्रियों पर पड़ेगा। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेनों की स्थिति की पुष्टि करें।

**मार्ग परिवर्तन (डायवर्जन)**: टाटानगर से गुजरने वाली या यहां आने-जाने वाली कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें वैकल्पिक मार्ग से चलेंगी। इनमें 15630 (सिलचर–तांबरम) एक्सप्रेस, 13287 (दुर्ग–आरा साउथ बिहार) एक्सप्रेस, 22805 (भुवनेश्वर–आनंद विहार) साप्ताहिक एक्सप्रेस, 18104 (अमृतसर–टाटा) एक्सप्रेस, 18427 (पुरी–आनंद विहार) एक्सप्रेस, 12802 (नई दिल्ली–पुरी) एक्सप्रेस, 12801 (पुरी–नई दिल्ली) पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 12152 (शालिमार–लोकमान्य तिलक) एक्सप्रेस, 12151 (लोकमान्य तिलक–शालिमार) एक्सप्रेस, 22843 (बिलासपुर–पटना) एक्सप्रेस, 22891 (हावड़ा–रांची) इंटरसिटी एक्सप्रेस और 20817 (भुवनेश्वर–नई दिल्ली) राजधानी एक्सप्रेस शामिल हैं।

**ये है रद्द ट्रेन**: टाटानगर आने-जाने वाली कई ट्रेनों का परिचालन इस अवधि में पूरी तरह रद्द रहेगा। इनमें 20894 (पटना–टाटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, 28181 (टाटा–कटिहार) एक्सप्रेस, 28182 (कटिहार–टाटा) एक्सप्रेस, 18183 (टाटा–आरा) एक्सप्रेस, 20893 (टाटा–पटना) वंदे भारत एक्सप्रेस, 18116/18115 (चक्रधरपुर–गोमो) मेमू, 68023/68024 (झाड़ग्राम–पुरुलिया) मेमू, 68035 (टाटा–हटिया) मेमू, 68055/68056 (आसनसोल–टाटा) मेमू, 13301/13302 (धनबाद–टाटा) एक्सप्रेस, 68086 (बरकाकाना–टाटा) मेमू, 20898 (रांची–हावड़ा) वंदे भारत एक्सप्रेस और 18175 (हटिया–झारसुगुड़ा) मेमू शामिल हैं।



**शॉर्ट-टर्मिनेशन और शॉर्ट-ओरिजिनेशन**: कुछ ट्रेनों को उनके तय गंतव्य तक नहीं चलाया जाएगा या उनका संचालन बीच के किसी स्टेशन से शुरू किया जाएगा। जैसे 18184 (बक्सर–टाटा) एक्सप्रेस ईस्टर्न रेलवे क्षेत्र में शॉर्ट-टर्मिनेट होगी। 68055/68056 (आसनसोल–टाटा) मेमू और 18011/18012 (हावड़ा–चक्रधरपुर) एक्सप्रेस का परिचालन के एडीआरए से शॉर्ट-टर्मिनेट या शॉर्ट-ओरिजिनेट किया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे एनटीएस ऐप, रेलवे हेल्पलाइन या आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी ट्रेनों की नवीनतम स्थिति की जांच कर लें, ताकि आखिरी समय में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

न्यूज धमाका
पाइए खबरों की अपडेट सबसे पहले

## एक नज़र

### मुजफ्फरपुर बिहार लूट का विरोध पर मारी गोली



बिहार के मुजफ्फरपुर में बाइक सवार अपराधियो ने लूट का विरोध करने पर रैपीडो ड्राइवर को मारी गोली..बाइक कैश लिटाकर हुआ फरार..करजा थाना क्षेत्र का मामला..पुलिस जांच में जुटी..
मुजफ्फरपुर के करजा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने चिकनौटा स्थित निर्माणाधीन फोरलेन बाईपास पुल के पास शिवहर निवासी शहनवाज हुसैन के पैर में गोली मार दी और बाइक और कैश लेकर फरार हो गया....लूट का विरोध करने पर गोली मार दी..उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है..सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुचकर छानबीन की..घायल की पहचान मो शाहनवाज के रूप में हुई है..
पीड़ित ने बताया कि बाइक से घर के लिए निकला था..इसी दौरान बाइक सवार अपराधियो ने घेर लिया..बाइक और रुपये देने को कहा जब विरोध किया तो गोली मारकर फरार हो गया..15 हजार रुपिया और बाइक लूट लिया..सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुचकर छानबीन की..

### सावन उत्सव - काव्य गोष्ठी




स्वयंसिद्धा साहित्यिक संस्थान के सांस्कृतिक उत्सवों की कड़ी में दिनांक 8.8.25 को सावन तीज उत्सव के अंतर्गत एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी का शुभारम्भ सलोनी क्षितिज ने मनमोहक अंदाज में मां सरस्वती की वंदना से किया। जीनस कंवर ने रक्षाबंधन के अवसर पर भाई की स्मृति में मार्मिक रचना सुनाकर सबकी आंखे नम कीं.. हिमाद्रि वर्मा, सुनीता त्रिपाठी एवं अन्य कवयित्रियों ने सावन की रिमझिम, हरियाली,प्रेम,प्रकृति को गीतों ,दोहों के माध्यम से साकार किया। कार्यक्रम का संचालन ने ज्योत्सना सक्सेना ने सरस सहज शैली में किया।
संस्थापिका ज्ञानवती सक्सेना ने आभार प्रदर्शन के साथ बताया कि सावन के बहाने साहित्यिक रस और सांस्कृतिक परंपराओं का संगम हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है।

### फलका में होगा मुशायरा सह कवि सम्मेलन

**कटिहार (बिहार)।** फलका प्रखंड क्षेत्र के फलका बस्ती में सेंट्रल इंग्लिश स्कूल के बैनर तले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है।




जिसमें बिहार की मशहूर शायरा अंजू दास गीतांजलि, पूर्णिया से अब्दुल्लाह काशिफ पुर्नवी, कटिहार से डॉ० अजय कुमार मीत और नूरुद्दीन सानी, शमशाद ज़िया, चाँद बहार, जावेद रज़ी, प्रेम राज हमदर्द, उमेश कुमार, सबा कोसर, फईमुद्दीन नदवी, मुमताज ईसाती, शाकिर वाहिदी आदि ने अपने-अपने गीत, ×गज़ल व शेरो-शायरी से फलका ग्राम वासियों को शराबोर करेंगे। यह बात सेंट्रल इंग्लिश स्कूल के संस्थापक उदय कुमार ने कही। आगे उन्होंने बताया इस मुशायरा की अध्यक्षता अख़्तर बहार और मंच संचालन इलाके के मशहूर शायर शम्स तबरेज सालेहपुरी करेंगे। आगे उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में सोहथा दक्षिण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार मंडल, कोढ़ा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक उम्मीदवार विनोद मिर्धा, समाजसेवी पत्रकार तौफीक आलम, ए.डी. खुशबू, कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल कलाम आजाद, समाजसेवी अनिल पासवान, वसीम अकरम, हाट मालिक टुनटुन गुप्ता उर्फ छोटे सरकार, और चंदन चौधरी रहेंगे।

### मिटींग सह स्नेह मिलन कार्यक्रम 10 अगस्त को

कर्ण कायस्थ महासभा की बैठक सह स्नेह मिलन कार्यक्रम कर्ण कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश द्वारा राँची में 10 अगस्त 2025 को अपराह्न 3:00 बजे से करने का निर्णय लिया गया है। इस मीटिंग सह स्नेह मिलन कार्यक्रम में कर्ण समाज में जो शैक्षणिक, आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से पिछड़े लोग हैं, उनका उत्थान कैसे हो,इस पर विचार विमर्श किया जाएगा।
राँची और उसके आसपास के सभी कर्ण परिवार के सदस्यों से आग्रह है कि कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।
यह जानकारी महासभा की झारखंड राज्य की महासचिव निर्मला कर्ण ने दी। उन्होंने कर्ण समाज के सभी पुरुष एवं महिला सदस्यों से इस कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया है।
कार्यक्रम स्थलआर. डी. एस. प्राइवेट लिमिटेड, सेंट जेवियर्स स्कूल के पीछे, साउथ आफिस पाड़ा, डोरंडा में सुनिश्चित किया गया है।

### जामताड़ाः सीमा कुमारी ने महिला थाना प्रभारी का पदभार संभाला

**जामताड़ा ।** पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के आदेशानुसार 2018 बैच की मध्यप्रदेश पुलिस अवर निरीक्षक (म०पु०अ०नि०) सीमा कुमारी ने महिला थाना, जामताड़ा की नई प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। शनिवार को उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार संभालते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि थाना परिसर को महिला अनुकूल वातावरण बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, जिससे महिलाएं बिना किसी झिझक के अपनी समस्याएं साझा कर सकें। सीमा कुमारी ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर लगाम लगाया जा सकता है।



# बिहार के मुजफ्फरपुर में स्कार्पियो से आए बदमाशो ने गैस कटर से काटा एटीएम मशीन..इंडिया वन बैंक के एटीएम को उखाड़ कर ले गए बदमाश..स्प्रे मारकर सीसीटीवी की बंद..एटीएम में दो लाख तीन हजार था रुपया

न्यूज धमाका।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में बे-खौफ बदमाशो ने एटीएम मशीन काट कर ले गए.. जिले के तुर्की थाना क्षेत्र के कुरहनी ब्लॉक गेट के सामने स्थित इंडिया वन बैंक के एटीएम को उखाड़ कर चोर ले गए.. एटीएम में दो लाख तीन हजार रुपिया था.. बुधवार देर रात की घटना है . पुलिस को तब सूचना मिली जब स्थानीय दुकानदारों ने मार्केट में अपनी दुकान खोलने पहुंचे...जिसके बाद तुर्की थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की.. डॉग स्काउड और एफएसएल की टीम सुराग ढूंढ रही है..घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है..वीडियो में दिख रहा है बुधवार रात 2.32 बजे काले रंग की स्कार्पियो से अपराधी आए. गाड़ी से एक अपराधी नीचे उतरा..उसका गमछे से चेहरा ढका था..उसने एटीएम के पास लगे सीसीटीवी पर स्प्रे मारा फिर दूसरे सीसीटीवी का तार काट दिया.. इसके बाद एटीएम कैश बॉक्स को काटकर उठाकर ले गए..
मामले में ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची.. प्रारंभिक जांच में मामला सामने आया है कि बदमाश काले रंग की स्कॉर्पियो से आए थे और गैस कटर जैसे कि सी औजार से एटीएम काटकर ले गए.. एटीएम में दो लाख तीन हजार रुपिया था..जिसे बदमाश लेकर चले गए.. बदमाशों की पहचान की जा रही है... ग्रामीण एसपी ने बताया है कि संदेह है कि संगठित गिरोह ने घटना को अंजाम दिया है.. छानबीन में एसआईटी जुटी हुई है..
इससे पहले बीते 17 मार्च को मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र के बीबीगंज स्थित आरके टावर में आई डी बी आई बैंक के एटीएम को चोरों ने काट दिया था.. गैस कटर से कैश बॉक्स काटने के प्रयास में एटीएम में आग लग गई थी.. इस घटना में 4,33,400 रुपये नकदी, एटीएम रूम और एसी जलकर राख हो गए थे। इस वारदात में भी काले रंग की स्कॉर्पियो से पहुंचे पांच अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया था.. इसमें हरियाणा के गैंग की संलिप्तता सामने आई थी...



# हंसडीहा एवं कुरमा हाट के बीच बढ़ैत हॉल्ट स्टेशन निर्माण कार्य का शिलान्यास

न्यूज धमाका।

**दुमका।** क्षेत्रीय रेल अवसंरचना एवं यात्री सुविधा में महत्वपूर्ण प्रगति की दिशा में शनिवार को हंसडीहा एवं कुरमा हाट के मध्य प्रस्तावित बढ़ैत हॉल्ट स्टेशन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।शनिवार को गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में बढ़ैत हाल्ट स्टेशन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।
इस अवसर पर मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि बढ़ैत हॉल्ट दुमका एवं गोड्डा की ओर संचालित सभी ट्रेनों के लिए एक ठहराव बिंदु के रूप में कार्य करेगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए यात्रा विकल्प एवं सुगमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि नया हॉल्ट न केवल यात्रियों को लाभान्वित करेगा, बल्कि सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, स्थानीय माल के परिवहन को सुगम बनाएगा एवं गोड्डा‌झदुमका खंड में क्षेत्रीय विकास एवं स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा कि यह हॉल्ट स्टेशन, जो स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, हजारों यात्रियों को सीधे एवं सुविधाजनक रेल सुविधा उपलब्ध कराएगा, जिससे दूरस्थ स्टेशनों पर निर्भरता घटेगी तथा छात्रों, कामकाजी लोगों एवं व्यापारियों की दैनिक आवागमन अधिक सुगम होगी।
प्रस्तावित बढ़ैत हॉल्ट का निर्माण लगभग 3.39 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा। यात्री सुविधा एवं पहुंच को बढ़ाने हेतु बढ़ैत हॉल्ट के लिए एक विस्तृत विकास योजना तैयार की गई है। प्रमुख बुनियादी ढाँचे में टिकट काउंटर से जुड़ा 1000 वर्ग फुट का प्रतीक्षालय और स्वच्छता एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण शामिल है। प्लेटफ़ॉर्म शेड के प्रावधान के साथ प्लेटफ़ॉर्म को उच्च-स्तरीय मानक के अनुसार विकसित किया जाएगा। निरंतर और स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, जल आपूर्ति प्रणाली से जुड़े वाटर बूथ की व्यवस्था की जाएगी। सीलिंग फैन और लाइटिंग पोल लगाकर यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाया जाएगा।बढ़ैत हॉल्ट स्टेशन का शिलान्यास केवल भौतिक बुनियादी ढाँचे की शुरुआत नहीं है - यह बढ़ैत और आसपास के गाँवों के हजारों निवासियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में एक मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इस हॉल्ट स्टेशन के शुरू होने के बाद, बेहतर परिवहन से इस क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और व्यापार के अवसरों के विकास में मदद मिलेगी।




# देवघर में राजकीय श्रावणी मेला का हुआ समापन

न्यूज धमाका।

बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में एक माह तक चलने वाले राजकीय श्रावणी मेला के अंतिम दिन मेला के सफलता पूर्वक समापन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा की गयी, जिसके पश्चात अर्घा हटाया गया।
अर्घा हटने के पश्चात सरदार पंडा ने उपायुक्त को पूरे विधि-विधान के साथ बाबा बैद्यनाथ की षोडशोपचार विधि से पूजा कराई, जिसके बाद उपायुक्त ने मेला के सफल व बेहतर तरीके से संपन्न होने के लिए बाबा को नमन कर आभार जताया। साथ ही पूजा के बाद माँ तारा मंदिर से उपायुक्त ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया।
इस दौरान उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, बाबा मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक मंदिर प्रभारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम के साथ जिला स्तर के सभी अधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

**बैद्यनाथ धाम में स्पर्श पूजा की शुरुआत....**





# विश्व आदिवासी दिवस पर ललमटिया में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की गरिमामयी उपस्थिति

न्यूज धमाका।

**गोड्डा।** जिला बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत ललमटिया में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ललमटिया में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शिरकत की और आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ इस महत्वपूर्ण दिन को मनाया। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी संस्कृति को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया।

» आदिवासी समुदाय के अधिकारों की वकालत

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोगों के अधिकारों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोगों को अपनी जमीन और संसाधनों पर अधिकार दिलाने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे।

» सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

चंपई सोरेन ने आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए काम करना होगा।

आदिवासी समुदाय के साथ एकजुटता इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और उनके साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ मिलकर हम उनके अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और उनकी संस्कृति को संरक्षित कर सकते हैं।विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की ललमटिया में उपस्थिति ने आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने आदिवासी समुदाय के अधिकारों और उनकी संस्कृति को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया और आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की।



### तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन

**डुमरी।** बगोदर प्रखंड के खेतको पंचायत निवासी महीलाल रजक पत्नी मालती देवी के नवनिर्मित भवन का गृह प्रवेश तीन दिवसीय पूजन पाठ के अंतिम दिन सावन पूर्णिमा शनिवार को हवन आदि क्रियाओं के समापन के साथ ही सम्पन्न हो गया वहीं रात्रि में प्रीति भोज का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि,प्रबुद्ध जनों,शुभचिंतकों व सगे संबंधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर भैयारी भोजन किया।पूजन अनुष्ठान कुशल व दक्ष ब्राह्मणों द्वारा संपन्न हुआ।इस दौरान बज रहे भक्ति गीतों व महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले लोकगीतों एवं ब्राह्मणों द्वारा किये जा रहे मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था।



### गोमिया काली मंदिर के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय श्री चंडी पाठ का पूर्णाहुति





**गोमिया।** गोमिया मोड़ स्थित काली मंदिर में मंदिर का 34 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में तीन दिवसीय श्री चंडी पाठ का आयोजन किया गया है। जिसका पूर्णाहुति शनिवार को पूजा अर्चना, कुंवारी कन्या पूजन एवं खीर भोग महाप्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस दौरान पूजा अर्चना एवं दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं पूजा अर्चना, हवन,महाआरती आदि का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। पूजा को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के अध्यक्ष जगदीश स्वर्णकार, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज, सचिव प्रदीप रवानी, कोषाध्यक्ष किशोर साव, बसंत जायसवाल, विपिन कुमार,संजय पांडेय, आदित्य पांडेय, धीरज स्वर्णकार, बिनोद अग्रवाल, धनेश्वर नायक, द्वारिका रवानी, लालजी नायक, राजेंद्र रजक, अनिल स्वर्णकार, प्रकाश अग्रवाल, किशोरी ठाकुर, सुनील यादव, केदार रवानी, बिगन साव, भोला नायक, राजेंद्र साव, राजेंद्र रवानी का सराहनीय योगदान रहा

# लव कुश जयंती महोत्सव की मटवारी गांधी मैदान से निकलेगा भव्य शोभायात्रा

**10 से 15 हजार कुशवाहा समाज के लोग होंगे शामिल, शोभायात्रा और सम्मान समारोह से गूंजेगा शहर**

न्यूज धमाका।

हजारीबाग, मटवारी गांधी मैदान से कुशवाहा युवा विकास मंच के बैनर तले लव-कुश जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर हजारीबाग के अलावा कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, रामगढ़, रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से 10 से 15 हजार कुशवाहा समाज के लोगों का भाग लेने कि बात कही गयी।
लव-कुश जयंती को पारंपरिक एवं ऐतिहासिक त्योहार के रूप में मनाने की तैयारी है। कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों और शोभायात्रा में भाग लेने वालों को सम्मानित किया जाएगा।
भव्य शोभायात्रा मटवारी गांधी मैदान से शुरू होकर पीटीसी, मेन रोड, बस स्टैंड, कोर्रा होते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंचेगी। इसके बाद खिचड़ी भोग का वितरण किया जाएगा और फिर कार्यक्रम का समापन होगा।
आयोजन में संरक्षक प्रशांत कुशवाहा, अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, सचिव नारायण प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विकास कुशवाहा और समाज के कई लोग मौजूद रहेंगे।



# रक्षा सूत्र के सांस्कृतिक मूल्य

भारतीय दर्शन में **संबंध** केवल जैविक या सामाजिक नहीं, बल्कि आत्मिक भी होता है। इसी दृष्टिकोण से रक्षाबंधन को देखा जाए, तो यह उत्सव केवल एक धागे का बंधन नहीं, बल्कि ₹धर्म₹, ₹कर्तव्य₹ और ₹करुणा₹ का प्रतीक है।
भारतीय चिंतन में ₹रक्षा₹ का अर्थ केवल बा' सुरक्षा नहीं, बल्कि आंतरिक, मानसिक, नैतिक और सांस्कृतिक रक्षा भी है। यह त्यौहार दर्शाता है कि समाज की रक्षा तभी संभव है जब हम पारिवारिक मूल्यों की रक्षा करें। ₹रक्षा₹ को व्यक्तिगत सुरक्षा के दायरे से निकालकर, सामाजिक सह-अस्तित्व की भावना में परिवर्तित करता है।
जब इंद्र असुरों से पराजित हो रहे थे, तब उनकी पत्नी इंद्राणी ने रक्षासूत्र तैयार कर उनके हाथ पर बाँधा और प्रार्थना की- यह सूत्र उन्हें विजय और रक्षा प्रदान करे।तब से रक्षासूत्र की परंपरा का आरंभ माना गया।
जब श्रीकृष्ण को शिशुपाल वध में हाथ में चोट आई, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का अंश फाड़कर उनके हाथ पर बांधा । इस छोटे से कार्य के प्रति कृष्ण ने जीवनभर रक्षा का वचन निभाया। यह कर्म-बंधन, प्रेम और समर्पण का उच्चतम उदाहरण है।
जब राजा बलि ने वचन दिया कि भगवान विष्णु को अपने साथ रखेंगे, तब लक्ष्मीजी ने रक्षाबंधन का धागा बाँधकर बलि को भाई बनाया। यह उदाहरण इस पर्व की आध्यात्मिक और सामाजिक दोनों



ही ताकत को दर्शाता है।
महर्षि अरविंद का मानना था कि ₹भारतीय त्यौहार केवल परंपरा नहीं, चेतना के विकास के साधन हैं। रक्षाबंधन आत्मा की रक्षा का प्रतीक है, जहां एक-दूसरे के धर्म, मूल्य और स्वतंत्रता की रक्षा होती है।''
आज की बहनें डॉक्टर, सैनिक, वैज्ञानिक और शिक्षक बन समाज की रक्षा कर रही हैं। ऐसे में रक्षाबंधन केवल एक 'पुरुष-प्रधान' विचार नहीं, बल्कि परस्पर रक्षा और सम्मान का उत्सव बन जाता है। जब वह स्वयं रक्षक बन रही है, तब रक्षाबंधन उसे केवल ''संरक्षण की धारा'' तक सीमित नहीं रखता, बल्कि वह समाज, परिवार और राष्ट्र की रक्षक बनकर नेतृत्व करने में अग्रणी है।
संतों और विचारकों की दृष्टि में रक्षाबंधन भारत के एकीकरण का संदेश भी देता है। बंगाल के विभाजन के समय रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने रक्षाबंधन को हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में प्रयोग किया। उन्होंने लोगों से आ''ान किया कि वे एक-दूसरे की कलाई पर राखी बाँधें और देश की रक्षा का संकल्प लें।यह सिद्ध करता है कि यह पर्व केवल पारिवारिक नहीं, राष्ट्रात्मक चेतना का भी वाहक बन सकता है।
रक्षाबंधन के सूत्र में, बंधे प्रेम के तार। सदियों से राखी बन रही,
निश्छल प्रेम का सहज आधार।।
न हो बस यह परंपरा केवल एक उपहार- सम्मान करो इस संस्कृति का यह श्रेष्ठ मूल्यों का सार।।

-डॉ.कंचन मखीजा
रोहतक, हरियाणा

## स्नेह बंधन

राखी की लाज निभाते रहना
बहन के घर भईया आते रहना
अपनी सुनी कलाई सजाते रहना
उपहार में सिर्फ साथ निभाते रहना।

बचपन के यादों को राखी पर लाते रहना,
भैया तुम हमारे घर आते रहना
मां के हाथों का लड्डू गुझिया लाते रहना
सावन की पूर्णिमा में चार चांद लगाते रहना।

अनमोल है यह हमारा तुम्हारा रिश्ता
रिश्ते को सदैव बचाते रहना
हो आपस में कितना भी दूर हम
हृदय में एक दूजे को बसाते रहना।

भाई बहन का यह रिश्ता सदा अनमोल है ,
इसके सिवा उपहार का न कोई मोल है ,
तुझे स्वयं मैंने उपहार में पाया है
तुझसे ही अपना मायका सजाया है।

अब तो सिर्फ बहन का फर्ज निभाना है
तेरे कामयाबी का जश्न मनाना है
आशीर्वाद हो महादेव का तेरे सर पर
इसी दुआ से तेरे घर हमें आना है।

₹रात दुनी दिन चौगुनी₹ तेरा होता रहे
तेरा दुश्मन सदैव अपनी करनी पर रोता रहे ,
बुरी नजर वालों को नजर लग जाये
मेरे प्यारे भाइयों को मेरी उम्र लग जाये।

इस भाव से मैं राखी मनाऊंगी
दूर ही सही तेरी कलाई मन से सजाऊंगी ,
मिठाई तू खुद से खा लेना भाई
यह लिखते हुए आ रहा हमें रो आई।

यह कैसा पल आ जाता है
बचपन की यादें याद बनकर रह जाता है ,
जिस घर में हम हंसते खेलते थे
आज सबका घर ही बदल जाता है।

तू मेरे घर में आओ मैं तेरे घर आऊं ,
रिश्ते को इन्हीं बातों में उलझाऊं,
अपने विचारों से रिश्ते को बहकाऊं
इन्हीं रिश्तो को आज बचाना है
कहीं भी रहो रक्षाबंधन के त्यौहार को निभाना है।

भाभियों का भी कलाई हमें सजाना है
उनके गोरे हाथों में हरी चूड़ी पहनाना है
वही तो हमारे मायके की फुलवारी हैं
भाभी की नंद उनके लिए होती दुलारी है।

इस बार उनको भी उपहार दूंगी,
ढेर सारा स्नेह और प्यार दूंगी,
भैया भाभी की जोड़ी बनायें रखना,
मेरा मायका ऐसे ही महादेव सजायें रखना।।

**ज्योति राघव सिंह**
**वाराणसी-( उत्तर प्रदेश)**
**वर्तमान पता - लेह-लद्दाख**



## खामोशी

बार-बार कोई तुम्हें छोड़ दे
कुछ जख्म ऐसे नासूर बनते
खामोशी से उसे छोड़ दे
वक्त भी नहीं मलहम होते।

खामोश रहकर वैराग्य बनो
गूंगे बहरों से अनजान बनो
हृदय की पीड़ा जो ना समझे
उससे तुम अपना ही मानो।

निरवता यूं चीख कहती
सब छोड़ चलने को कहती
एहसास ए इज्जत को सुनाती
स्वत ही खोज को कहती।

चल बढ़ ईश्वर साथ तेरे
परिवर्तन जीवन का सूत्रधार
एकांत में ही जीवन का सार
नई सुबह का आगाज कर।

चार दिन प्रीत,रित,नाते,जगत
पलकों के पर्दे पड़ते ही,
स्मृतियां बोझ भूल ते जगत
लुप्त रिश्ते नाते होते जगत।

जीवन रणभूमि
प्रेम कर्मभूमि
संबंधी धर्म भूमि
तीनों कर्तव्य भूमि।
**प्रेमलता कुमारी**
**जमशेदपुर झारखंड**



## भैय्या तेरी राखी

स्नेह डोर से सुसज्जित बड़ी
निराली सुघड़ सी प्यारी भेजी हूँ
भैय्या वह राखी
मन के गलिचे में लौटेगा बचपन
की यादें पुरानी
तेरे मेरे किस्से होगें
हाँ
थोड़ी बहुत आंखें अम्मा की तब
गीली होगी
काश तितलियों सा बेटीयों के भी
पंख होते उड़ आती सब के सब
चौखट अपने
जिस आंगन में बसती जान कहाँ
सोचतीं थी
भेजने होगें सुघड़ सा प्यार
एक कदम तेरा कभी बढ़ता
एक कदम मेरा कभी बढ़ता
त्यौहारों में फिर आ जाती जान
भाई बहन के हाथों से बुझ जाती
बचपन की याद
काश,
बचपन कभी ना जाता।

**अभिलाषा श्रीवास्तव गोरखपुर**



## शुभ रक्षाबंधन

जहाँ रहो जिस हाल में रहना
सदा विजय, जय रहे तुम्हारी
भले दूर हूँ तुम दोनों से
किंतु दुआएँ साथ तुम्हारी
हम दोनों के तरफ से तिलक
लगा लेना तुम अपने माथ
स्नेह का धागा मैं भेजूंगी
बांध लेना तू अपने हाथ
सदा ही मंगल, मंगल हो बस
मिले सफलता कदम कदम पर
यही कामना करती हूँ मैं
राखी के इस शुभ अवसर पर

**विंध्यवासिनी तिवारी**
**स्वरचित ) जमशेदपुर झारखंड**



खबरिया बदरिया
जाते सावन मेरी बिनती सुन
पैगाम तू मेरा लेता जा
कहना जाकर परदेसी पिया से
जब याद तुम्हारी आती है
सूरत देखूं जब दर्पण में ,
छवि तेरी दिखाई देती है
ऐ पवन ! मेरे पीहर जाना
मेरे भईया से जाकर कहना
सावन के पावन दिन भईया
ये हवा जो चूमे तेरी कलाइयां
तू इतना समझ लेना के बस
तेरी बहना ने तुझे याद किया।
**आलोक मंजरी जमशेदपुर / झाारखंड**



## मेरी राखी बड़ी अनमोल

न मांगू मैं धन और दौलत
मैं न मांगू कोई उपहार।
रक्षाबंधन पर बस दे दो
मुझको भाई अपना प्यार।

मेरी राखी बड़ी अनमोल।
कोई नहीं दे सकता मोल।
मांगू तेरा मैं वही दुलार।
रक्षाबंधन पर बस दे दो
मुझको भाई अपना प्यार।

राखी बंधेगी उनकी कलाई।
हमको प्यारे अपने भाई।
रक्षाबंधन की ये बहार।
रक्षाबंधन पर बस दे दो
मुझको भाई अपना प्यार।

साथ निभाना भाई मेरा।
मुझमें बसता साया तेरा।
राखी का प्यारा त्यौहार।
रक्षाबंधन पर बस दे दो
मुझको भाई अपना प्यार।
**राखी उपासना कौशिक (हंगामा ट्वीएन्स) धामपुर बिजनौर**



## आख़िरी मुलाक़ात – राखी के दिन

वो दिन भी रक्षाबंधन का था,
जब तू आया था चुपके से।
बोला था, ₹बहना जल्दी बाँध राखी,
थोड़ा कम वक़्त है मेरे बस में।₹

मैं हँसी थी – ₹इतनी जल्दी क्या है,
बैठ पहले कुछ खा पी ले।₹
तू बोला – ₹अबकी बार नहीं बहना,
चलना है‡ बस अब चल ही दे।₹

मैंने जल्दी से थाली सजाई,
कुमकुम, अक्षत, दिया और मिठाई।
लेकिन काँप रही थी तेरी कलाई
पर मुस्कान वही थी पुरानी मेरे भाई।

मैंने धागा बाँधा था जैसे ही
तेरी आँखें भीग आई थीं।
बोला था तू – ₹अगली राखी पर,
पक्का ज़्यादा दिन रुकूंगा बहना‡₹

पर अगली राखी आई है भाई,
पर तू न आया इस बार।
तेरी बातों में जो 'पक्का' था,
वो याद आ रहा था बारम्बार ।

तू सच ही कह गया था मेरे भाई,
उस दिन कम वक़्त था तेरे बस में।
पर तूने ये ना बताया मुझे
कि सफ़र तेरा आख़िरी था इस जन्म में।

अब राखी बाँधती हूँ मैं,
तेरी उस तस्वीर को हर साल।
आँसू से भीग जाती है डोरी,
और दिल कहता है –
₹कभी तो होगी फिर से मुलाक़ात,
किसी और जन्म की राखी के साथ‡₹

**सुमंगला सुमन, मुम्बई**



## राहुल ट्रंप से भी अधिक खतरनाक

-------------------

जानबूझकर कर रहे राहुल
माहौल बिगाड़ने का काम,
फर्जी दावे के ही बल पर तो
एउ को तो कर रहे बदनाम।

चुनाव प्रक्रिया पे हमला
प्रजातंत्र से है खिलवाड़,
हो रही बदनामी विश्व में
ना समझे सठ राहुल राड़।

हर आरोप निष्फल हो जाता
उनको फिर भी शर्म न आता,
मोदी फोबिया इस कदर हाबी
विकास पथ उन्हें नहीं सोहाता।

ट्रंप से भी अधिक खतरनाक
देश विरोधी राहुल का इरादा,
शत्रु देश तो हो रहे लाभान्वित
कानून को सरेआम उड़ाते गरदा।

पीएम प्रति इतने अशिष्ट
मर्यादा का नहीं तनिक ख्याल,
कहते पीएम बने चोरी कर
चाहते कराना देश में बवाल?

जन जन के नेता प्रिय मोदी
उनका नित करते अपमान,
कान खोलकर सुन लो राहुल
कभी नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।

वंशवाद का अहम रूतबा
मिट्टी में मिलना अब तो तय,
संवैधानिक संस्थाएँ निष्पक्ष
उतारू उन्हें करने पर क्षय।

-डॉ0 यमुना तिवारी व्यथित



## राखी के धागों में सुरक्षा का वादा₹

रक्षा बंधन के पावन अवसर पर सर्वोदय कन्या विद्यालय डीडीए फ्लैट्स ईस्ट ऑफ़ लोनी रोड दिल्ली की तीन अध्यापिकाएँ – शिवानी जैन, शालिनी सिरोही और शुभांगी शर्मा – बच्चों को लेकर ज्योति नगर पुलिस स्टेशन पहुँचीं।



बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से प्यार और स्नेह से बनाई हुई रंग-बिरंगी राखियाँ पुलिसकर्मियों को बाँधी।
यह अनमोल क्षण न सिर्फ भाईचारे और अपनत्व का संदेश लेकर आया, बल्कि उन रक्षकों के प्रति आभार भी व्यक्त किया जो दिन-रात हमारी सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। पुलिसकर्मियों ने बच्चों के इस स्नेह को बड़े स्नेहिल मुस्कान और आशीर्वाद के साथ स्वीकार किया।
राखी के इन धागों में न केवल प्रेम, बल्कि सुरक्षा और विश्वास का बंधन भी जुड़ गया।
नन्हे हाथों की ये प्यारी सौगात,
रक्षक बनें हमारे, रहे हरदम साथ।

## सुनिता त्रिपाठी 'अजय' को मिला रक्षाबंधन गौरव सम्मान

विश्व सनातन संघ ने सुनिता त्रिपाठी 'अजय' को रक्षाबंधन गौरव सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान सनातन संस्कृति के संरक्षण और नारी गरिमा के उत्थान में उनके योगदान के लिए दिया गया है। इस उपलब्धि से सुनिता त्रिपाठी 'अजय' के प्रशंसकों और समाज में उनकी प्रतिभा और योगदान को मान्यता मिली है।
आप सभी का बहुत बहुत आभार ।
रक्षाबंधन क़ी हार्दिक शुभकामनाएँ।




## स्थापना दिवस सह तुलसी जयंती समारोह 10 अगस्त को, तीन साहित्यकार होंगे सम्मानित





रांची : 10 अगस्त को झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच के स्थापना दिवस, तुलसी जयंती समारोह में शहर के तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए हिमकर श्याम एवं अनिता रश्मि को 'साहित्य संस्कृति सम्मान' प्रदान किया जायेगा। अहिन्दी भाषी डॉ सुरिन्दर कौर नीलम को 'हनुमान सरावगी हिन्दी साहित्य सम्मान' से अलंकृत किया जायेगा।
यह आयोजन वाईबीएन यूनिवर्सिटी, नामकुम के सभागार में संपन्न होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य (डॉ) धर्मेन्द्र उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाईवीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ सत्यदेव पोद्दार एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य (हिंदी विभाग) डॉ नंद जी दुबे रहेंगे। डॉ जंग बहादुर पांडे पूर्व विभाग अध्यक्ष हिंदी रांची विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता होंगे। इस अवसर पर मंच के संरक्षक विनय सरावगी, वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव एवं शहर के अनेक साहित्यकार, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव करेंगे।
मंच के सचिव बिनोद सिंह गहरवार ने बताया इस कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में स्थापना दिवस, तुलसी जयंती और सम्मान समारोह होगा तथा दूसरे सत्र में काव्य-गोष्ठी होगी। समारोह में अन्य साहित्यिक मंचों के लोग भी शामिल होंगे।

## कहानीः मेरे भैया...

₹भैया, इस बार राखी पर आओगे न?₹
₹देखूँगा मिष्टी, छुट्टी मिली तो आ जाऊँगा... नहीं तो तू पोस्ट से राखी भेज देना।₹
प्रखर ने हँसते हुए कहा और बात खत्म कर दी। मिष्टी के मन में एक अजीब-सी उदासी उतर आई।

भैया को नई-नई नौकरी लगी थी, शहर में। आज ही जॉइनिंग थी, इसलिए वह राखी से ठीक चार दिन पहले ही चला गया। जाते वक्त मिष्टी की आँखें नम थीं, लेकिन उसने कुछ नहीं कहा।
प्रखर ने जाते-जाते उसके लिए ढेर सारे गिफ्ट्स छोड़ दिए थे—कपड़े, चॉकलेट्स, किताबें‡ लेकिन उसमें से कुछ भी मिष्टी को अच्छा नहीं लग रहा था।
राखी के दिन पूरा घर चुप-सा था। मिठाइयाँ थीं, लेकिन जैसे उनमें मिठास ही नहीं थी। मिष्टी बार-बार भैया के दिए हुए गिफ्ट्स को देखती और फिर सिसक-सिसक कर रो पड़ती।
उसने चार बार राखी बदली, लेकिन किसी भी में वो संतोष नहीं मिला जो भैया की कलाई पर बाँधने से मिलता था।
₹कैसी राखी?₹‡ ₹किसके लिए?₹
मन ही मन बुदबुदाते हुए मिष्टी ने वो राखियाँ भी थाल में रख दीं।
शाम ढल चुकी थी। घर में सब सो चुके थे। अचानक दरवाज़े की घंटी बजी।
मिष्टी ने घबराकर दरवाज़ा खोला।
सामने भैया खड़ा था झ मुस्कराता हुआ।
₹भैया!₹ मिष्टी की आँखों से आँसू बह निकले।
₹सिर्फ गिफ्ट भेज कर कैसे मनाऊँ राखी?₹
प्रखर ने कहा और मिष्टी के हाथ से राखी लेकर खुद अपनी कलाई आगे कर दी।
मिष्टी तो हैरान रह गई झ
₹आप तो बोले थे छुट्टी नहीं मिलेगी?₹
₹नौकरी तो मिल जाएगी फिर से‡ पर तुझसे बंधी राखी का प्यार‡ वो एक ही बार आता है।₹
मिष्टी ने काँपते हाथों से राखी बाँधी और रोते-रोते बोलीः
₹मेरे हाथों की बाँधी राखी ही राखी होती है भैया।₹
अगले दिन जब मिष्टी नींद से जागी, तो भैया वहाँ नहीं था।
तकिया गीला था, और मेज़ पर एक चिट्ठी रखी थी—
₹₹मेरी छुट्टी मंज़ूर नहीं थी, लेकिन दिल ने कहा झ रिश्ते वक्त के मोहताज नहीं होते।
तेरी राखी सबसे कीमती है मिष्टी, क्योंकि इसमें बहन का सच्चा प्यार है।
हर साल आता रहूँगा, वादा रहा।
तेरा – 'प्रखर भैया'।''
**डॉ. शिखा गोस्वामी**
**निहारिका**
**मारो, मुंगेली, छत्तीसगढ़**



## गजल

14
बेमतलब उनकी गलियों में आना-जाना बंद करो
बाल बढ़ा कर मजनूँ जैसे ढंग दिखाना बंद करो

कुछ तो गलत किया ही होगा देखे तब तुमने दुर्दिन
पश्चाताप करो अब उसका शोर मचाना बंद करो

मीठे फल खाओ उपवन के पी लो जल झरने वाला
हिंसा से जो हासिल होता ऐसा खाना बंद करो

आग लगाने वाले ही अब आए हैं दमकल ले कर
घड़ियाली आँसू हैं तेरे इन्हें बहाना बंद करो

खून-पसीना खूब बहाया चमन सजाया है हम ने
यूँ कुर्सी की खातिर इसमें आग लगाना बंद करो
**-वसंत जमशेदपुरी**



## हमारे सैनिक हमारे रक्षक हमारे भाई हमारे देश की शान हर बहन करें उन पर अभिमान

### ऐसी भाव से ओत-प्रोत एक साधारण बहन जो कि समाज सेविका, कवयित्री लेखिका एवं

राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय लेह लद्दाख की ब्यूरो श्रीमती ज्योति सिंह के द्वारा देश के रक्षक भाई - बंधुओं को रक्षाबंधन के पावन पवित्र सूत्र में बांधकर बहन की कमी को पूरा किया क्योंकि सीमा पर तैनात हर वह भाई अपनी बहन तक जा नहीं पाता है और अपने एहसास हो मन में दबा कर हमारे देश के रक्षा हेतु तत्पर रहता है जो हम बहनों और पूरे देशवासियों की रक्षा करते हैं




उनको रक्षा सूत्र के द्वारा सुरक्षित करने का दायित्व भी हमारा होना चाहिए ऐसी मनोभावों से हर बहन का यह दायित्व है जो सीमा पर हमारे रक्षा हेतु खड़े रहते हैं त्योहारों पर अपने घर नहीं जा पाते हैं उनको आप अपने निर्मल मन से रक्षा का एक धागा जरूर बांधीयेगा जिससे हमारा ये भाई सुरक्षित रह सके यही संदेश देते हुए लेह लद्दाख में तैनात सैनिक भाइयों को रक्षाबंधन के सूत्र को बांधकर अपना फर्ज निभाया है और अपनी खुशी को जाहिर करते हुए ज्योति सिंह ने कहा है कि यह मेरा सौभाग्य है की मैं अपने सिपाही ,सैनिक, फौजी भाइयों को रक्षासूत्र बांधने में सफल रही क्योंकि यह डोर प्रेम, विश्वास, आस्था की डोर है जिसे हम कहीं भी बांध सकते हैं बहन भाई की कमी को पूरा करते हुए एक पल के लिए मुस्कुरा सकते हैं।
हर रक्षा करने वाला व्यक्ति हमारा सगा भाई हो या ना हो लेकिन हमारे भारत भूमि पर हर वह भाई हमारा सगा भाई है जो हमारी रक्षा- सुरक्षा के लिए देश की सीमा पर तैनात है। इसके साथ ही जितने लोगों ने राखी बंधवाया सब धन्यवाद करते हुए बहुत ही खुशी से आशीर्वाद और प्यार के साथ बहन ज्योति को कृतार्थ किया जिससे दोनों ओर की खुशी का ठिकाना नहीं रहा यह खुशी हमारे देश के उन वीरों के लिए जो हर वक्त हमारी रक्षा हेतु तैयार रहते हैं रक्षाबंधन का यह पवित्र पावन त्यौहार सभी देश के रक्षा हेतु तैनात भाइयों को मुबारक हो।

Editor/ proprietor - Raghubansh mani singh, Office Addresh-G4/9, New cable town Golmuri Jamshedpur Pin cod 81003 Purvi Singhbhum, Jharkhand, RNI(Title applied)
E-Paper for News portal www.newsdhamaka.com. All rights reserved by Editor Raghubansh Mani Singh. Any legal dispute will be filed at East Singhbhum juridiction only.

# ऑस्ट्रेलियाई टीम 5-0 से एशेज सीरीज जीतेगी : मैक्ग्रा

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने कहा है कि आगामी एशेज सीरीज में उनकी टीम इंग्लैंड को सभी पांच मैच में हरा देगी। मैक्ग्रा के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। इसके अलावा उनकी टीम के सभी खिलाड़ी अच्छी लय में हैं। ऐसे में बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम पर वह भारी पड़ेगी। साथ ही कहा कि इस सीरीज में उनकी टीम इंग्लैंड पर 5-0 से जीत हासिल करेगी। मैक्ग्रा ने कहा, हालांकि मेरे लिए भविष्यवाणी करना बहुत कठिन है और न ही मैं ऐसा कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने शुरुआत से ही इस सीरीज में अपनी परंपरा को बनाये रखा जिससे वह कभी भी भटकी नहीं है। 21 नवंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की ये सीरीज नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में ऑस्ट्रेलिया की पहली घरेलू सीरीज रहेगी। वहीं इंग्लैंड अपने हाल के खराब रिकॉर्ड के साथ ही ऑस्ट्रेलिया आ रहा। है। उन्होंने 2010-11 की सीरीज के बाद से ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट नहीं जीता है। इंग्लैंड को 2006-07, 2013-14और 2017-18 में 4-0 से करारी हार का सामना करना पड़ा है। मैकग्राथ ने अपनी टीम की जीत के दावे का एक कारण ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी इकाई की ताकत को बताया और कहा कि पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड तथा नाथन लियोन अपने मैदानों पर सफल रहेंगे। उन्होंने कहा, मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है।



# एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे भारत के रमेश बुढ़िहाल और किशोर कुमार



**एजेंसी, नई दिल्ली :** भारतीय सर्फरों ने एशियन सर्फिंग चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया है। शनिवार को रमेश बुढ़िहाल और किशोर कुमार ओपन मेन्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए। दिन के पहले हीट में उतरे बुढ़िहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14.84 अंक हासिल किए और फिलीपींस के नील सांचेज़ (12.80) को पीछे छोड़ दिया। अपनी जीत के बाद बुढ़िहाल ने कहा, "यही वह पल है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। सुबह मैंने कुछ लहरों पर अभ्यास किया था और सोचा था कि हीट में भी यही करना है। यह हमारे लिए गर्व का पल है।" पिछले साल मालदीव में हुई चैम्पियनशिप में हिस्सा न ले पाने का अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा, "अगर मुझे पिछले साल मौका मिलता तो शायद मैं और अच्छा कर पाता। लेकिन इस बार मैं पूरी तरह से इसका फायदा उठा रहा हूं।" वहीं, दिन के आखिरी हीट में किशोर कुमार ने संतुलित खेल दिखाते हुए 10.50 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। वह फिलीपींस के एडुआर्डो अल्सिसो (12.03) से पीछे रहे। पिछले साल किशोर ने अंडर-18 कैटेगरी में देश का प्रतिनिधित्व किया था और उस उम्र वर्ग में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे।

टॉप-2 खिलाड़ी ही सेमीफाइनल में जगह बना पाए, जिसमें भारत के दो खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, हीट-3 में श्रीकांत डी 10.90 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और मामूली अंतर से सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ओपन मेन्स सेमीफाइनलिस्ट में बुढ़िहाल, सांचेज, मेगा आर्ताना (इंडोनेशिया), शिडोंग वू (चीन), पजार अरियाना (इंडोनेशिया), कानोआ हीजाए (दक्षिण कोरिया), अल्सिसो और किशोर शामिल हैं। इससे पहले, अंडर-18 गर्ल्स वर्ग में आद्या सिंह और धामयंती श्रीराम ने रिपेचेज सेकंड राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई, जबकि सान्वी हेगड़े इसी दौर में बाहर हो गईं।

# सचिन से आगे निकल जाएंगे रूट : पनेसर

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानाना है कि स्टार जो रूट अपने करियर में 18,000 रन बना सकते हैं। पनेसर के अनुसार जिस प्रकार रुट ने भारत के खिलाफ सीरीज में कई रिकार्ड बनाये। वह सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है। पिछले कुछ सालों में जो रूट ने जमकर रन बनाये हैं। ऐसे में वह महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का सबसे ज्यादा 15921 रनों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं। रूट भारत के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे। उन्होंने 500 से ज्यादा रन बनाए। सीरीज के अंतिम मैच में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकार्ड को पीछे छोड़ा। पोंटिंग ने 13378 रन बनाए हैं, जबकि रूट के अब 13543 रन हो गए हैं। रूट तेंदुलकर से केवल 2378 रन पीछे हैं। पनेसर का मानना है कि जो रूट तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़कर आगे निकल जाएंगे। मुझे लगता है कि 18,000 रन बनाएंगे क्योंकि वह सिर्फ 34 के हैं। वह 34 के हैं, उनके पास 6 साल और है। 6 साल में वह शायद 4,000-5,000 रन और बनाएंगे। तेंदुलकर 40 साल तक खेले, ऐसे में वह भी 40 साल तक खेल सकते हैं। वह उसे तोड़ देगा और उसके आगे जाएगा। रूट ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के 5 मैचों में तीन शतक के साथ ही 67.12 के औसत से 537 रन बनाए थे।



## सरकार ने खाद्य तेल डेटा अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए 2011 के आदेश में संशोधन किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने खाद्य तेल डेटा अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन और उपलब्धता (विनियमन) आदेश, 2011 में संशोधन को अधिसूचित कर दिया है। इससे खुदरा कीमतों को स्थिर करने और देशभर में खाद्य तेलों की उपलब्धता में सुधार करने में मदद मिलेगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन एवं उपलब्धता (विनियमन) आदेश, 2011 (वीओपीपीए विनियमन आदेश, 2011) में संशोधन को अधिसूचित किया है। यह आदेश मूल रूप से आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत जारी किया गया। इस आदेश को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 द्वारा पूर्ववर्ती विनियमों को निरस्त करने के बाद तैयार किया गया था। इस संशोधन का उद्देश्य 2014 में दो प्रमुख निदेशालयों के विलय के परिणामस्वरूप हुए संस्थागत परिवर्तनों के साथ आदेश को संरेखित करना और सांख्यिकी संग्रह अधिनियम, 2008 के तहत प्रावधानों को शामिल करके खाद्य तेल क्षेत्र में डेटा संग्रह तंत्र को बढ़ाना है।

## ट्रंप ने खोले रास्ते, रिटायरमेंट योजना में निजी इक्विटी और क्रिप्टो

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सेवानिवृत्ति योजनाओं (रिटायरमेंट प्लान) में निजी इक्विटी और क्रिप्टोकरेंसी को निवेश के विकल्प के रूप में शामिल करने का रास्ता साफ कर दिया है। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले से अमेरिकी पेंशन फंडों में निवेश के नए दरवाजे खुल गए हैं और निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने का मौका मिलेगा। इस निर्णय को अमेरिकी वित्तीय बाजार में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। इस फैसले से यह उम्मीद जगी है कि अब अमेरिकी नागरिक अपने रिटायरमेंट के लिए और अधिक सुरक्षित और बेहतर निवेश कर सकेंगे। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि क्रिप्टोकरेंसी जैसे अस्थिर निवेश विकल्पों को शामिल करने से निवेशकों के लिए जोखिम भी बढ़ सकता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निवेशक इन नए विकल्पों को कितना अपनाते हैं और आने वाले समय में अमेरिकी वित्तीय बाजार में क्या बदलाव आते हैं।

## ब्लू डार्ट ने सागर पाटिल को नया सीएफओ बनाया

**नयी दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनी ब्लू डार्ट एक्सप्रेस ने सागर पाटिल को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बताया कि मुंबई में ब्लू डार्ट के निदेशक मंडल की बैठक में उन्हें सीएफओ नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। उनकी नियुक्ति एक अगस्त से प्रभावी हो गयी है। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री पाटिल के पास वित्त के क्षेत्र में 25 साल का अनुभव है। वह आठ साल से कंपनी में हैं और कॉर्पोरेट कंट्रोलर, कॉर्पोरेट अकाउंट्स के प्रमुख तथा अन्य महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दे चुके हैं।

## एयर इंडिया के आठ बोइंग विमानों में मिली थीं खामियाँ: नायडू

**नई दिल्ली।** इस साल जून में अहमदाबाद विमान हादसे के बाद विशेष जाँच के दौरान एयर इंडिया के आठ बोइंड-787 विमानों में हल्की खामियाँ मिली थीं जिन्हें दूर कर लिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने लोकसभा में एक तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उसके सभी तैंतीस 787-ड्रीमलाइनर विमानों की जाँच के आदेश दिये थे। इनमें से 31 विमानों की जाँच पूरी कर ली गयी है जबकि दो विमानों की नियमित समायावधि पर होने वाली जाँच जारी है। उन्होंने बताया कि 31 विमानो की जाँच के दौरान आठ विमानों में छोटी खामियाँ मिली थीं जिन्हें दूरकर दिया गया है और उन विमानों को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गयी है। इसके अलावा, डीजीसीए ने 19 जून को जेनरल सेफ्टी सर्कुलर जारी किया था जिसके तहत पूरे विमानन क्षेत्र की पारिस्थितिकी की जाँच और विमानन सुरक्षा ढाँचे को मजबूत करने के लिए विस्तृत विशेष ऑडिट होना है।

## रुपया 14 पैसे मजबूत, 87.58 रुपये प्रति डॉलर पर पहुँचा

**मुंबई।** बैंकों की डॉलर बिकवाली से रुपया 14 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 87.58 रुपये का बिका। भारतीय मुद्रा लगातार दूसरे दिन मजबूत हुई है। यह 16 पैसे मजबूत होकर 87.72 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही। यह 2.50 रुपये की मजबूती के साथ 87.6950 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। बीच कारोबार में 87.77 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटने के बाद कारोबार की समाप्ति से पहले यह 87.45 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ और अंत में 87.58 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अन्य कारकों ने जहाँ रुपये पर दबाव बनाया।

# ब्राजील के राष्ट्रपति और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच टेलीफोन पर बातचीत

## द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमति

**जेंसी ब्रासीलिया/नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक टेलीफोन वार्ता के दौरान अमेरिका द्वारा लगाए गए एकतरफा टैरिफ को लेकर चर्चा की।

यह जानकारी ब्राजील के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान में दी। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए टैरिफ प्रभाव में आए हैं। ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि रूसी तेल से जुड़ी भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। इसी प्रकार ब्राजील की कुछ वस्तुओं पर भी पिछले सप्ताह इसी दर से टैरिफ लागू किया गया, जो प्रभावी हो गया। हालांकि हवाई जहाज के कलपुर्जे, एल्युमिनियम, टिन और लकड़ी की लुगदी जैसे कुछ उत्पादों को छूट दी गई है।



**द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर सहमति**

बातचीत के दौरान लूला और मोदी ने भारत-ब्राजील द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 20 अरब डॉलर से अधिक करने के साझा लक्ष्य को दोहराया। साथ ही दोनों नेताओं ने मर्कोसुर-भारत व्यापार समझौते का विस्तार करने पर भी सहमति जताई। मर्कोसुर दक्षिण अमेरिकी देशों का एक प्रमुख आर्थिक संगठन है, जिसमें ब्राजील, अर्जेंटीना, उरुग्वे और पैराग्वे शामिल हैं। भारत पहले से ही इस समूह के साथ एक व्यापारिक समझौता रखता है, जिसे अब और व्यापक बनाने की योजना है।

**आगामी दौरों की पुष्टि**

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने इस दौरान यह भी पुष्टि की कि वे 2026 की शुरुआत में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे, जबकि उप-राष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन अक्टूबर 2025 में भारत की यात्रा पर होंगे।

## आरबीआई ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को यूनिवर्सल बैंक में बदलने को 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी




**एजेंसी नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (एयूएसएफबी) को यूनिवर्सल बैंक में बदलने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। आरबीआई के मुताबिक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को सैद्धांतिक रूप से सार्वभौमिक बैंक के रूप में काम करने की अनुमति दी गई है। एयू स्मॉल फाइनेंस ने 2015 में एक लघु वित्त बैंक का लाइसेंस प्राप्त करने के बाद अप्रैल, 2017 में अपनी यात्रा की शुरुआत की थी।

एयूएसएफबी का 21 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 2,505 से अधिक बैंकिंग नेटवर्क है। इस बैंक का जून, 2025 के अंत तक ग्राहक आधार 1.15 करोड़ से ज्यादा और कार्यबल 53 हजार से अधिक हो गया है। बैंक ने पहली तिमाही 581 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

## भारत में युवा बेरोजगारी की स्थिति वैश्विक औसत से बेहतर : श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री

**एजेंसी नई दिल्ली।** राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि भारत में बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट आ रही है और यह अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में बेहतर स्थिति में है। मंत्री ने बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति के अनुसार बेरोजगारी दर 2017-18 में 6 प्रतिशत थी, जो घटकर 2023-24 में मात्र 3.2 प्रतिशत रह गई है। विशेष रूप से युवाओं (15-29 वर्ष) के बीच बेरोजगारी दर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 10.2 प्रतिशत हो गई है, जबकि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वैश्विक युवा बेरोजगारी दर 13.3 प्रतिशत है। यह दर्शाता है कि भारत में युवा बेरोजगारी की स्थिति वैश्विक औसत से बेहतर है। उन्होंने बताया कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने और उनकी कौशल क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं, जिनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), दीनदयाल अंत्योदय योजना - ग्रामीण और शहरी आजीविका मिशन (डे-एनआरएलएम और डे-एनयूएलएम), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और स्टैंड अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, पीएम स्वनिधि योजना आदि प्रमुख हैं।

मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित स्किल इंडिया मिशन के तहत देशभर में युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के तहत क्राफ्ट्समेन ट्रेनिंग स्कीम (सीटीएस) योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना भी शुरू की है, जो विशेष रूप से उत्पादन क्षेत्र (मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर) पर केंद्रित है और इसका उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करना है। श्रम मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल एक वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जहां युवा सरकारी और निजी नौकरियों की जानकारी, रोजगार मेलों की सूचना, करियर काउंसलिंग, कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी आदि प्राप्त कर सकते हैं। यह पोर्टल www.ncs.gov.in पर उपलब्ध है।

## सर्राफा बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

**एजेंसी नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 200 रुपये से 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये से लेकर 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 94,010 रुपये से लेकर 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# स्टॉक मार्केट में फ्लाईएसबीएस की जोरदार एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों का पैसा डबल

**एजेंसी नई दिल्ली।** प्राइवेट जेट सर्विस मुहैया कराने वाली कंपनी फ्लाईएसबीएस एविएशन के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 225 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 427.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 448.85 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया है और उनका मुनाफा 99.49 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया है। फ्लाईएसबीएस एविएशन का 102.53 करोड़ रुपये का आईपीओ 1 से 5 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 318.68 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 191.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 563.64 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 286.06 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 45.57 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी लॉन्ग टर्म ड्राई लीज बेसिस पर छह नए विमान लेने, पुराने कर्ज चुकाने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 3.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 11.25 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 28.41 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की टोटल इनकम में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की टोटल इनकम 34.68 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 106.72 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछलकर 195.38 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई। हालांकि इस दौरान कंपनी पर कर्ज भी लगातार बढ़ा। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 3.36 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में घटकर 2.56 करोड़ रुपये के स्त पर आ गया। हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में कंपनी के कर्ज में काफी बढ़ोतरी हुई और ये 17.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## अमेरिका के 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ से रोहतक की नट-बोल्ट इंडस्ट्री को 1000 करोड़ का नुकसान

**एजेंसी रोहतक।** अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने से रोहतक की नट-बोल्ट इंडस्ट्री पर करीब 1000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। यह दावा चंद्रयान और एयर डिफेंस सिस्टम के लिए नट-बोल्ट बनाने वाली कंपनी एलपीएस बोसार्ड के मालिक राजेश जैन ने किया है। जैन ने चेतावनी दी कि यदि यह टैरिफ लागू रहा, तो अगले छह महीनों में अमेरिकी ग्राहक टूट सकते हैं, जिससे उद्योग को भारी झटका लगेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत कर इस मुद्दे को सुलझाने की अपील की है। एयर डिफेंस सिस्टम के लिए नट बोल्ट बनाने वाली कंपनी एलपीएस बोसार्ड अकेले अमेरिका के एयर डिफेंस सिस्टम के लिए 50 प्रतिशत निर्भर है और निर्यात करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कभी अपना सबसे अच्छा दोस्त कहने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों भारत से काफी खफा नजर आ रहे हैं तो वहीं पाकिस्तान से नजदीकीया बढ़ रही है, जो भारत के इंडस्ट्रियल के लिए काफी चिंता जनक है। 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगने से अकेले रोहतक के नट बोल्ट इंडस्ट्री पर करीब 1000 करोड़ रुपए सीधा असर पड़ेगा। इंडस्ट्रियल को तो यह भी चिंता है कि अगले 6 महीने में ही अमेरिका के सभी ग्राहक टूट जाएंगे, रोहतक की नट बोल्ट फैक्ट्री अमेरिका में एयर डिफेंस सिस्टम के लिए नट निर्यात करती है ऐसे में अतिरिक्त टैरिफ से नट बोल्ट इंडस्ट्री पर बुरा असर पड़ेगा। इसके लिए इंडस्ट्रियल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे इस मामले में हस्तक्षेप करने और डोनाल्ड ट्रंप से बात करने की अपील कर रहे हैं। चंद्रयान और एयर डिफेंस सिस्टम के लिए नट बोल्ट बनाने वाली एलपीएस बोशार्ड के एमडी राजेश जैन ने रोहतक की नट बोल्ट से इंडस्ट्री पर बुरा असर पढ़ने के बात कही है। उन्होंने कहा कि अगले 6 महीने में सभी ग्राहक टूट जाएंगे।


बिग बॉस में

# नोरा फतेही

## और प्रिंस नरूला के क्लोज बॉन्ड पर युविका चौधरी बोलीं- मुझे पता था कि...







प्रिंस नरूला और युविका चौधरी बिग बॉस शो में एक-दूसरे से मिले थे और इसी शो के दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया। शो के बाद भी दोनों का रिलेशन अच्छा रहा और दोनों ने शादी कर ली। दोनों की अब प्यारी सी बेटी भी है जिसके बाद उनका परिवार पूरा हो गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिग बॉस शो के दौरान ही प्रिंस का नोरा फतेही के साथ भी क्लोज बॉन्ड बना था। अब इस पर युविका ने कुछ बातें क्लीयर की हैं।

**क्या बोलीं युविका**

दरअसल, जब युविका शो से बाहर हो गई थीं तब प्रिंस, नोरा से क्लोज हो गई थीं जिसके बाद प्रिंस के युविका को लेकर प्यार पर भी सवाल होने लगे थे। अब जब सालों बाद युविका से दोनों को लेकर बात की। युविका से पूछा गया कि क्या प्रिंस के साथ उन्होंने कभी नोरा को लेकर डिस्कस किया तो युविका ने हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में कहा, %टाइम कहां है डिस्कस करने के लिए। वो गेम था। अगर कुछ सीरियस होता तो मैं खुद पूछ लेती उसी वक्त। लेकिन यह उनके शो का पार्ट था। मुझे पता था ऐसा कुछ नहीं है इसलिए हमने कभी डिस्कस नहीं किया।युविका ने आगे कहा,जब हम दोस्त थे, मैं उनकी टांग काफी खींचती थी। लेकिन लाइन मूव ऑन हो गई और फिर हमने कभी उस बारे में बात नहीं की।

**प्रिंस ने दी थी यह सफाई**

युविका से फिर पूछा गया कि क्या प्रिंस ने कभी उन्हें कुछ एक्सप्लेन क्या है तो युविका ने कहा, उन्होंने हमेशा यही कहा कि ये गेम है। जब आपने शो छोड़ा तो मैं गेम पर फोकस करने लगा। मैं आपके लिए इमोशनल हो गया था और जब आप इंट्रेस्टेड नहीं थे तो मुझे लगा आप बाहर किसी के साथ रिलेशन में हो।युविका ने इसी दौरान प्रिंस से अलग होने की अफवाहों पर भी बात की और बताया कि क्यों वह प्रेग्नेंसी के दौरान प्रिंस से अलग रह रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रिंस और उन्होंने मिलकर डिसाइड किया था कि वह उनकी मां के घर रहेंगी क्योंकि तब प्रिंस और युविका के घर पर काम चल रहा था।

## सलमान खान ने ऐश्वर्या के सामने मुझे गले लगाने से किया इनकार, जोर से बंद किया दरवाजा, एक्ट्रेस ने खोले राज



बॉलीवुड एक्टर्स को लेकर अक्सर ही उनके साथ सपोर्टिंग रोल में नजर आने वाले कलाकार कोई न कोई खुलासे करते रहते हैं और वो लीड एक्टर्स के साथ अपने काम के एक्सपीरियंस को भी शेयर करते हैं. अब सलमान खान और ऐश्वर्या राय के साथ फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' में काम कर चुकीं एक्ट्रेस शीबा चड्ढा ने सलमान को लेकर बड़ा खुलासा किया है.शीबा चड्ढा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि एक सीन में जहां सलमान खान को उन्हें गले लगाना था तब सलमान ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था, जबकि एक बार सलमान सेट पर काफी गुस्सा भी हो गए थे तब उन्होंने जोर से दरवाजा बंद किया था, जिससे वहां बैठे एक बुजुर्ग लाइटमैन को चोट तक लग गई थी. सलमान को लेकर शीबा के इन खुलासों ने हर किसी को हैरान कर दिया.


**'सलमान ने ऐश्वर्या के सामने मुझे गले लगाने से किया मना'**

हाल ही में शीबा चड्ढा ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में कहा, ऐश्वर्या, उनके (सलमान) और मेरे बीच एक सीन था, और उस सीन में उन्हें मुझे गले लगाना था और उन्होंने कहा कि वो ऐसा नहीं करेंगे. मुझे अभी-अभी याद आया. ये क्लाइमेक्स का एक सीन था, और मुझे भागना था. ऐश्वर्या को मुझे गले लगाना था, और फिर सलमान को. सलमान ने कहा, 'मैं गले नहीं लगाऊंगा.सलमान के ऐसा कहने के बाद कुछ देर के लिए शूटिंग रुक गई थी और फिल्म के डायरेक्टर संजय लीला भंसाली, सलमान को समझाने के लिए एक तरफ ले गए थे.

**सलमान ने जोर से बंद किया था दरवाजा**

शीबा को सलमान के उस व्यवहार से काफी हर्ट हुआ था और वो समझ नहीं पाईं कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया. लेकिन, उस वक्त इंडस्ट्री में नई होने के चलते शीबा ने सोचा कि उन्हें अपने काम से कमा रखना चाहिए और इस मामले को डायरेक्टर को ही हैंडल करने देना चाहिए.शीबा ने आगे एक और किस्सा शेयर करते हुए कहा था, एक दिन सलमान सेट से गुस्से में बाहर चले गए थे. वो लड़खड़ा गए थे. उन्होंने दरवाजा जोर से बंद किया और वहां पर एक बेचारा बूढ़ा लाइटमैन था, शायद उसे चोट लग गई. मैंने सोचा था बाप रे, क्या सितारे ऐसे ही व्यवहार करते हैं?

## अक्षय कुमार की 22 साल पुरानी फिल्म के सीक्वल में दिख रहे 3 चेहरे, कौन हैं ये एक्टर्स?



अक्षय कुमार, लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा की साल 2003 में आई हिट फिल्म अंदाज को आज भी पसंद किया जाता है. इस फिल्म को लोग आज भी टीवी पर देखते हैं और पसंद करते हैं. फिल्म को रिलीज हुए इतने साल हो चुके हैं, पर फिर भी इस फिल्म के गाने आज भी पसंद किए जाते हैं. अब इस फिल्म की सीक्वल आ गया है, जिसका नाम है अंदाज 2 और इस फिल्म से एक बार फिर तीन नए चेहरे बॉलीवुड में एंट्री कर रहे हैं.

आइए जानते हैं, इस तीन एक्टर्स के बारे में.इस फिल्म को सुनील दर्शन ने डायरेक्ट किया है. फिल्म आठ अगस्त को रिलीज होने वाली है. इस फिल्म से तीन नए एक्टर्स अपना बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं. फिल्म की कास्ट आयुष कुमार , नताशा फर्नांडीज , अकाएशा वत्स नजर आने वाले हैं.

**कौन हैं तीन नए सितारे ?**

बीते दिनों इस फिल्म का ट्रेलर सामने आया था. हालांकि, ट्रेलर को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला है. एक इंटरव्यू में आयुष कुमार ने बताया कि वो तीनों ही आउटसाइडर्स हैं. बात करें, नताशा फर्नांडीज की तो उन्होंने सुनील की फिल्म 'एक हसीना थी एक दीवाना था' में काम किया था तो वहीं आयुष, एक्टर अभिषेक बच्चन की 'दसवीं' में काम कर चुके हैं. अकाएशा वत्स की ये पहली फिल्म होने वाली है. ऐसे में तीनों को देखना एक अलग ही एक्सपीरियंस होने वाला है.

**क्या थी अंदाज की कहानी ?**

बात करें, साल 2003 की अक्षय कुमार की फिल्म की तो अंदाज में अक्षय ने राज का किरदार निभाया था, जो बचपन से लारा दत्ता के किरदार काजल से प्यार करता है. लेकिन काजल उससे प्यार नहीं करती और उसकी शादी करण (अमन वर्मा) से हो जाती है.

राज देश छोड़कर बाहर चला जाता है, जहां उसकी मुलाकात जिया (प्रियंका चोपड़ा) से होती है. जिया राज से प्यार करने लगती है, लेकिन राज, काजल को भुला नहीं पाता. इसी बीच राज का परिवार, जिया से उसकी शादी तय कर देता है. तभी राज को पता चलता है कि काजल, जिया की भाभी है और करण की मौत हो चुकी है. ये फिल्म आप अमेजन प्राइम पर देख सकते हैं.

# आश्रय नहीं अपनापन चाहते हैं बुजुर्ग

(डॉ फ़ौज़िया नसीम शाद-विभूति फीचर्स)

भारतीय संस्कृति में वृद्धों को ज्ञान, अनुभव और सहिष्णुता का प्रतीक माना जाता रहा है। किन्तु आज के भौतिकवादी युग में यह आदर्श तेजी से टूटते जा रहे हैं। जीवन की आपाधापी में, व्यक्ति की सोच 'मैं' और 'मेरा' तक सिमट गई है। वृद्धजन, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, आज उपेक्षित और अकेले हैं। चिंतनीय यह है कि हमारी चुप्पी ही हमारे अपनों के जीवन की सबसे बड़ी चीख भी बन सकती है।

वर्तमान भारतीय समाज में पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव ने गहरे सामाजिक और पारिवारिक परिवर्तन उत्पन्न किए हैं। इन परिवर्तनों ने जहां एक ओर व्यक्तिवाद को बढ़ावा दिया है, वहीं पारिवारिक और भावनात्मक संबंधों में शिथिलता भी आ गई है। आज हर व्यक्ति का जीवन-दृष्टिकोण भिन्न है। वह अपने जीवन में किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप को नापसंद कर, स्वतंत्र एवं स्वच्छंद जीवन जीना चाहता है।

युवा पीढ़ी का यह दृष्टिकोण, वृद्धावस्था में माता-पिता के साथ एक आत्मिक दूरी और सामाजिक अलगाव की स्थिति को जन्म देता है। हिन्दू धर्मशास्त्रों में जीवन को सौ वर्षों का मानते हुए उसे चार आश्रमों-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास में विभाजित किया गया है। इनमें गृहस्थ आश्रम को सर्वाधिक महत्व प्राप्त है, और इसके उपरांत वानप्रस्थ आश्रम को,जिसमें व्यक्ति संसार के भोगों से विरक्त होकर आत्मिक शांति की ओर अग्रसर होता है।

लेकिन आज यह स्थिति पूरी तरह उलट चुकी है। अब वृद्ध जन आश्रय नहीं, अपनापन चाहते हैं, वह वृद्धाश्रमों में नहीं, अपने बच्चों, बहुओं और पोते-पोतियों के साथ रहना चाहते हैं। परंतु दुखद यह है कि आज की आत्मकेन्द्रित संतानें केवल थोड़ी-सी धनराशि भेजकर अपने कर्तव्यों से मुक्त हो जाती हैं, और अपने वृद्ध माता-पिता की संवेदनाओं, इच्छाओं व मानसिक आवश्यकताओं से पूर्णतया अनभिज्ञ बनी रहती हैं। यह स्थिति वृद्धावस्था के लिए एक त्रासदी और सामाजिक अभिशाप बनती जा रही है।

इस विडम्बना के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, पाश्चात्य जीवनशैली का अंधानुकरण, टी.वी. व सिनेमा संस्कृति, अश्लील साहित्य, समाज में व्याप्त हिंसा और व्यक्तिवाद ने परस्पर प्रेम, त्याग, सहयोग और आत्मीयता जैसे मानवीय मूल्यों को लील लिया है।

विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या आज की युवा पीढ़ी स्वयं कभी वृद्ध नहीं होगी? और यदि होगी, तो क्या वह अपनी ही संतान की उपेक्षा को सह पाएगी? क्या वह अपने अंतिम समय में भी अपनी संतान का मुंह देखे बिना तड़प-तड़प कर मरने का साहस रखती है? यदि इन सवालों का उत्तर ''नहीं'' है, तो फिर आवश्यक है कि युवा पीढ़ी समय रहते अपनी सोच बदले। वह अपने वृद्ध माता-पिता को वह सम्मान, स्नेह और साथ दे जो उनका अधिकार है। उन्हें केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारा और आत्मीय उपस्थिति भी उनका अनिवार्य अधिकार है।

यदि ऐसा होता है, तो न केवल पारिवारिक ढांचा सुदृढ़ होगा, बल्कि जीवन की यह सांध्य बेला भी सार्थक और गरिमामयी बन सकेगी।

इस लेख को लिखते समय मन में एक गहरी वेदना थी एक ऐसा अनुभव जो समाज के हर कोने से उभरता दिखता है। यह लेख किसी एक वृद्ध की नहीं, उस समूची पीढ़ी की आवाज़ है, जो जीवन भर अपनों के लिए जिए, और अब अपने ही जीवन में पराए हो गए हैं। मेरा उद्देश्य किसी को कटघरे में खड़ा करना नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को इस सच्चाई से रूबरू कराना है कि जैसे हम आज अपने बुजुर्गों के साथ व्यवहार करेंगे, कल हमारी संतानें हमें भी वैसा ही लौटा सकती हैं। यदि यह लेख किसी एक मन को भी संवेदित कर सके, तो यह मेरी लेखनी की सार्थकता होगी। (विभूति फीचर्स)

